



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 125 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 05 फरवरी 2025 डाक 06 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**

नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी



**देश-विदेश**

स्वीडन के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग, दस लोगों की मौत, हमलावर ढेर




**फीचर**

महिलाओं के बीच फिर से प्रचिलित हो रही है स्किनी जींस जानिए स्टाइल करने के तरीके




# गले और हाथ में रुद्राक्ष की माला,पीएम मोदी ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। जेटी पर खड़े होकर पीएम मोदी ने मां गंगा को प्रणाम किया, आचमन के बाद डुबकी लगाई। इस मौके पर पीएम मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने यमुना नदी में नाव की सवारी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में लेकिन पीएम ने अकेले ही डुबकी लगाई। पीएम मोदी ने संगम में स्नान किया। इस दौरान वह भगवा कपड़े पहने हुए दिखाई दिए। इसके अलावा गले में नीला गमछा डाले हुए भी दिखाई दिए। पीएम मोदी गले में रुद्राक्ष की माला भी पहने हुए हैं। गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने अर्घ्य भी दिया।

इस दौरान वह मंत्रोच्चार करते हुए भी दिखाई दिए। पीएम मोदी ने संगम स्नान के बाद गंगा मैया और भगवान भास्कर को नमस्कार भी किया। वह लगातार ध्यान करते हुए दिखाई दिए। जब पीएम मोदी ने त्रिवेणी घाट पर स्नान किया, उस दौरान महाकुंभ में मौजूद लोग अपने प्रधानमंत्री को देखना चाहते थे। वह उन्हें लगातार देखने की कोशिश करते हुए दिखाई दिए। संगम तट पर पीएम मोदी को देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु एकजुट हुए हैं। ऐसे में वोट पर सवार पीएम मोदी ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी के आगमन की सूचना पाकर कई श्रद्धालु महाकुंभ क्षेत्र में रुके हुए थे। मध्य प्रदेश के जबलपुर की काजल सोनी ने बताया कि उन्होंने संगम में स्नान कर लिया है, लेकिन जब उन्हें पीएम मोदी के आने की सूचना मिली तो वह उन्हें देखने के लिए रुक गईं। एक अन्य श्रद्धालु आशुतोष ने बताया था कि हमने सुबह ही संगम स्नान कर लिया है। हमें जानकारी मिली है कि पीएम मोदी का आगमन होने वाला है। उनका बहुत ही महान व्यक्तित्व है, उन्हें नजदीक से देखने के लिए हम यहां पर रुके हुए हैं, वह बहुत बड़े राजनेता हैं। पिछले काफी दिनों से इच्छा थी कि उन्हें पास से देख लें। इस दौरान सीआरपीएफ और सेना के जवान मुस्तैद रहे।

## राष्ट्रपति मुर्मू, एलजी सक्सेना और राहुल समेत इन नेताओं ने डाला वोट



**नईदिल्ली, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली चुनाव 2025 के लिए बुधवार सुबह 7 बजे निर्धारित समय से सभी मतदान केंद्रों पर मतदान हो रहा है। मतदाताओं में भी बेहद उत्साह देखा जा रहा है। कई जगहों पर 7 बजे से पहले ही मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की लाइन लग गई।दिल्ली चुनाव में प्रमुख दिग्गज नेता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई नेताओं ने पोलिंग बूथ पहुंचकर वोट डाला। नेताओं ने इस दौरान लोगों से वोट डालने की अपील भी की है। राजनिवास मार्ग सेंट जेवियर स्कूल में मतदान के बाद अंगुली में लगी स्याही दिखाते उपराज्यपाल वीके सक्सेना साथ में उनकी पत्नी। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली चुनाव के लिए निर्माण भवन स्थित पोलिंग बूथ पर मतदान किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिश ने मतदान किया। इस दौरान कहा कि दिल्ली पुलिस भाजपा के लिए काम कर रही है, लेकिन लोकतंत्र में जनता की चलती है। भाजपा के कार्यकर्ता गुंडागर्दी कर रहे हैं। दिल्ली की जनता काम करने वाले साथ है। मेरी दिल्ली वालों से अपील है कि सच्चाई के लिए वोट दें और अच्छाई के लिए वोट दें। जंगपुरा विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने बूथ पहुंचकर मतदान किया। दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने अपना वोट डाला। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे बड़ी संख्या में बाहर आएं और अपना वोट डालें। ऐसे हजारों काम हैं जो हम करने जा रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में एक ऐसी सरकार बनेगी जो यमुना नदी की सफाई, आयुष्मान योजना, रोजगार समेत सभी प्रमुख योजनाओं को राष्ट्रीय राजधानी में लाएगी...।

## कोरोना के दौरान काम छूटा तो मॉडल छापने लगा नकली नोट, एक साल में खपा दिए 20 लाख



**इंदौर 5 फरवरी।** पुलिस ने नकली नोट छापने और खपाने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। सरगना नागपुर का मनप्रीत सिंह विर्क है जो मुंबई में मॉडलिंग करता था। कोरोना में काम न मिलने पर उसने नकली नोट छापना शुरू कर दिया। आरोपित महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 20 लाख रुपये से ज्यादा के नकली नोट खपा चुका है।

डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व देवास नाका से आरोपित शुभम उर्फ पुष्पांशु रजक, अनुराग सिंह चौहान और मोहसिन खान को गिरफ्तार किया था।

## विजिलेंस ने मलकानगिरी पैड वाटरशेड के घर पर छापा मारा



**ओडिशा, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में मलकानगिरी के जलग्रहण क्षेत्र के उप निदेशक और परियोजना निदेशक (पीडी) शांतनु महापात्रा से जुड़े विभिन्न स्थानों पर आज कई छापे मारे और उनके आवास से करीब 1.5 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की।

रिपोर्ट के अनुसार, 2 अतिरिक्त एसपी, 4 डीएसपी, 10 इंस्पेक्टर, 6 एएसआई और ओडिशा सतर्कता विभाग के अन्य सहायक कर्मचारियों के नेतृत्व में एक टीम ने विशेष न्यायाधीश, सतर्कता, जयपुर द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर मलकानगिरी, कटक और भुवनेश्वर में सात स्थानों पर एक साथ छापे मारे।

अंतिम रिपोर्ट आने तक, निम्नलिखित स्थानों पर तलाशी चल रही थी। 1) जयपुर में स्थित आवासीय तिमंजिला इमारत। 2) मलकाजगिरी में सहायक कृषि अभियंता मोहन मंडल का घर 3) मलकानगिरी में पीडी वाटरशेड के कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर बिस्वजीत मंडल का घर। 4) मलकानगिरी में पीडी वाटरशेड के कार्यालय में संविदा कर्मचारी अमियकांत साहू का घर। 5) मलकानगिरी में महापात्रा का कार्यालय कक्ष। 6) नुआपाड़ा, बालीसाही, कटक में महापात्रा का पैतृक घर। 7) भीमातांगी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बीबीएसआर में स्थित उनके रिश्तेदार का घर।

## भीख मांगने वाली महिला के घर पर छापेमारी, पुलिस की टीम रह गई हक्का-बक्का



**मुजफ्फरपुर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

**मुजफ्फरपुर में चोरी गई रेसिंग बाइक को ट्रेस करते हुए पुलिस जब एक भिखारी महिला के घर पहुंची तो दंग रह गई। महिला के घर से बाइक समेत विदेशी सिक्के, सोने-चांदी के गहने, 12 मोबाइल फोन मिले. महिला ने पुलिस को बताया कि यह पूरा सामान उसका दामाद चुराकर लाया था। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया।**

फिलहाल आरोपी दामाद फरार है। जिले के करजा थाना इलाके के मड़वन भोज का यह मामला है। रेसिंग बाइक केटीएम की खोजबीन करते हुए पुलिस एक भिखारिन महिला के छोटे से घर में जा पहुंची। जहां बाइक समेत आभूषण, चांदी के सिक्के और दर्जन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद हुए तो पुलिस महकमा दंग रह गया। महिला की पहचान बिहारी मांझी की पत्नी नीलम देवी के रूप में हुई, जो कि भीख मांगने का काम करती है। महिला ने बताया कि पहले वह गली मोहल्लों में फेरी लगाकर मच्छरदानी बेचा करती थी. इसके अलावा भीख भी मांगती थी। इसी दौरान घरों की रेकी कर लिया करती थी। रेकी के बाद दामाद चुटुक लाल को टारगेट के बारे में खबर देती थी और सास की रेकी पर दामाद बंद घर से माल पार कर देता था। पूछताछ में महिला ने बताया कि घर में मौजूद कीमती सामान दामाद ही चुराकर लाया था। गिरफ्तार महिला के पास से एक चोरी की बाइक समेत आधा किलो चांदी, दर्जनों मोबाइल सेट और विदेशी सिक्के भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कई अलग-अलग नामी गिरामी कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। चोरी के सामान में महिलाओं के कई ऑर्नामेंट भी शामिल हैं। कुवैत का सिक्का और एक ईस्ट इंडिया कंपनी का लोगो लगा भी सिक्का, विभिन्न कंपनियों के 12 मोबाइल सहित चांदी, गोल्ड के गहने जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि दामाद अलग अलग जगहों पर चोरी कर अपनी सास के पास चोरी को समान को जमा करता था।

## बीएसपी कर्मी को हाईवा ने कुचला, हालत नाज़ुक



**दुर्ग।** भिलाई पावर हाउस में सेक्टर 1 से नंदिनी की तरफ जा रहा रेत से भरा हाइवा एक लोहे के पोल से टकरा गया। इसके पहले हाइवा चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार बीएसपी कर्मी रामफल पूर्णा का पैर कुचल गया। इसके चलते उसका पैर काटना पड़ा। जानकारी के मुताबिक रेत से भरा एक हाइवा सेक्टर 1 से पावर हाउस की तरफ फ्लाई ओवर से होते हुए आ रहा था। ड्राइवर हाइवा को इतना तेजी से चला रहा था कि उसने ब्रिज के ऊपर एक बाइक सवार को टक्कर मारी। पकड़े जाने के डर से वो तेजी से वहां से भागने लगा। इससे जैसे ही ब्रिज खत्म हुआ वो उसके लोहे के एक पोल से जा टकराया। इसमें हाइवा चालक का कमर से नीचे का हिस्से सीट और स्टेयरिंग के बीच में फंस गया। वहीं परिचालक भी अंदर ही फंस गया। सूचना मिलते ही जामुल पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया और तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद हाइवा चालक को बाहर निकाला गया। हाइवा चालक की पहचान विरेंद्र साहू (35 साल) के रूप में हुई। वो किलेपार बालोद का रहने वाला है।

## नोएडा के चार स्कूलों को मिली बम की धमकी, सूचना पर दौड़ी पुलिस, खाली कराए गए स्कूल परिसर

**नोएडा।** सेक्टर 126 के चार स्कूलों को बुधवार सुबह 8.30 बजे धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद प्रबंधन के होश उड़ गए। इनमें ज्ञानश्री स्कूल, मयूर पब्लिक स्कूल, द हेरिटेज और स्टेप बाय स्टेप स्कूल हैं।प्रबंधन की सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन कर्मी, डॉग स्क्वाड के साथ जांच शुरू की। वहीं, अभिभावक भी सूचना मिलते ही अभिभावक भी स्कूल के बाहर पहुंच गए। अधिकारियों ने दो घंटे की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट की। नोएडा जोन के एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि सुबह 8.30 बजे करीब चारों स्कूल को को ईमेल मिली, जिसमें बच्चों को मारकर बदला लेने और अन्य तरह की धमकी भरी बात लिखी थी।

इसमें उर्दू के शब्द में बच्चों को मारकर बदला लेने की बात थी। स्टेप बाय स्टेप स्कूल के प्रबंधन ने ईमेल देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दे दी जबकि द हेरिटेज स्कूल प्रबंधन की तरफ से अभिभावकों को सूचना दी गई। इतना सुनकर अभिभावकों के होश उड़ गए। सभी अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंच गए। स्कूलों के बाहर एकत्रित अभिभावक बच्चों को घर ले जाने की मांग करने लगे। प्रबंधन और पुलिस ने उन्हें किसी तरह समझाकर शांत किया। फिर बच्चों को उनके साथ भेज दिया। एडीसीपी का कहना है कि करीब 2 घंटे की जांच में चारों स्कूलों के अंदर कोई संदेश वस्तु नहीं मिली। उसके बाद ईमेल भेजने वाले की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

## भंडारा में ड्राई क्लीनिंग की दुकान में मिला खजाना, 5 करोड़ रुपये जब्त, हिरासत में 9 लोग



**भंडारा, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में ड्राई क्लीनिंग की दुकान बहुत फेमस है, महाराष्ट्र के भंडारा जिले में एक ड्राई क्लीनिंग की दुकान से कथित तौर पर बैंक से संबंधित 5 करोड़ रुपये नकदी बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने एक निजी बैंक प्रबंधक सहित नौ लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक नूरुल हसन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कुछ लोगों ने स्पष्ट तौर पर एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक को छह करोड़ रुपये वापस देने का वादा कर उन्हें पांच करोड़ रुपये देने का लालच दिया। एक जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा और आतंकवाद विरोधी सेल की टीमों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मंगलवार को तुमसर इलाके के इंदिरा नगर में स्थित ड्राई क्लीनिंग की दुकान पर छापेमारी की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्होंने दुकान में एक बक्से में रखी पांच करोड़ रुपये की नकदी जब्त कर ली। मशीनों की मदद से नकदी गिनने में पुलिस को करीब दो घंटे लग गए। हसन ने कहा, प्रबंधक ने बैंक से नकदी निकाल ली। हमने एक्सिस बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर दिया है और उनके तुमसर आने पर अधिक जानकारी प्राप्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैंक मैनेजर और आठ अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर की जेलों में छापेमारी, आतंकियों के पास से मिले मोबाइल और सिम कार्ड, 5 संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद आतंकियों के सूचना तंत्र को बहाल रखने व उन्हें मोबाइल फोन सिम कार्ड प्रदान करने मे लिप्त पांच संदिग्ध तत्वों को जम्मू कश्मीर पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग कश्मीर ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी से पूछताछ जारी है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न आतंकी मामलों की जांच के दौरान काउंटर इंटेलीजेंस विंग को पता चला था कि जेलों में बंद कई आतंकियों ने न सिर्फ कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकियों व ओवरग्राउंड वर्करों के साथ बल्कि सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं के साथ भी संपर्क बना रखा है।जेल में बंद होने के बावजूद उनके पास मोबाइल फोन हैं और वह इनके जरिए अपने साथियों को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी गतिविधियों के संचालन के लिए दिशा निर्देश भी जारी करते हैं। इसके आधार पर काउंटर इंटेलीजेंस विंग ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने श्रीनगर स्थित सेंट्रल जेल, बारामुला जिला कारावास, मट्टन स्थित जिला कारावास अनंतनाग समेत विभिन्न जेलों में औचक तलाशी ली। इस दौरान जेल में बंद कई आंतकियों व आवेरगाउंड वर्करों से मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी मिले। काउंटर इंटेलीजेंस विंग ने जेल में मोबाइल फोन और सिमकार्ड तस्करी किए जाने की जांच का दायरा बढ़ाया। जेल में बंद कई विचाराधीन कैदियों और आतंकियों से भी पूछताछ की गई।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## दंतेवाड़ा में नक्सल वारदात बेरहमी से ग्रामीण की हत्या

**दंतेवाड़ा, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



सुरक्षाबलों की ओर से की जा रही लगातार कार्रवाई के बाद भी नक्सली अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। छिटपुट घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीत अब नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतूत को अंजाम दिया है। माओवादियों ने दंतेवाड़ा जिले में एक ग्रामीण की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला अरनपुर थाना क्षेत्र का है। नक्सलियों ने ककाड़ी गांव के हडमा हेमला की हत्या की है। धारदार हथियार से गला रेत कर उसकी हत्या की गई है।

घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बता दें कि कल ही बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना इलाके में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया था। मृतकों की पहचान राजू कारम और मुन्ना माडवी के रूप में हुई। नक्सलियों ने दोनों पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया था।

# आम नागरिको को वार्डो में मिल रही है ईवीएम संचालन की जानकारी





**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार शहर के वार्डो में नगरीय निकाय निर्वाचन में ईवीएम के संचालन के संबंध में आमनागरिको को जागरूक किया जा रहा है। 3 और 4 फरवरी नगर पालिक निगम कोरबा अन्तर्गत कुल 18 वार्डों में प्रात: 10.30 बजे से 5 बजे तक आम नागरिकों को महापौर तथा वार्ड पार्षद के पदों पर वोट डालने की प्रक्रिया को बताया गया। आम नागरिकों को बताया गया कि उन्हें महापौर के लिये मतदान करने के पश्चात पार्षद पद के प्रत्याशी के लिये भी मतदान करना होगा। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि मतदान केन्द्र में दो बैलेट यूनिट लगाई जायेगी। बैलेट यूनिट में सफेद रंग में महापौर पद और गुलाबी रंग में पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम, फोटो और चुनाव चिन्ह चस्पा होगा। बैलेट यूनिट में अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देने के पश्चात वीप की आवाज आयेगी और लाल लाईट भी जलेगी। मतदाताओं को इएनडी बटन, नोटा के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। वार्ड में लगने वाले शिविर में आम नागरिकों की शंकाओं / जिज्ञासाओं का निराकरण किया जा रहा है। बीते दो दिवस में नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड 34 दादरखुर्द के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दादरखुर्द, वार्ड क्रमांक 32 पोड़ीबहार के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पोड़ीबहार, वार्ड क्रमांक 28 एसईसीएल कालोनी क्र. 1 के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी कोरबा, वार्ड क्रमांक 30 एसईसीएल कालोनी 2 के शासकीय हाईस्कूल जे.पी.कालोनी, वार्ड क्रमांक 11 सीतामणी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सीतामढ़ी, वार्ड क्रमांक 1 रामसागर पारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा (टीडब्ल्यूडी), वार्ड क्रमांक 15 परिवहन नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कन्या साडा कोरबा, वार्ड क्रमांक 16 पंप हाउस के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पंप हाउस, वार्ड क्रमांक 37 रामपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर (पीडब्ल्यूडी), वार्ड क्रमांक 42 बालको नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालको, वार्ड क्रमांक 43 कैलाश नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्या बालको, वार्ड क्रमांक 47 रूमगरा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय रूमगरा, वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कोहड़िया, वार्ड क्रमांक 48 हसदेव क्रमांक एक के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दर्री, वार्ड क्रमांक 54 जमनीपाली के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जमनीपाली, वार्ड क्रमांक 51 स्याहीमुड़ी के शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी, वार्ड क्रमांक 67 बल्गीखार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्गीखार और वार्ड क्रमांक 63 विकासनगर के राजा गुरू बालकदास शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आदर्शनगर कुसमुंडा में ईवीएम का प्रदर्शन कर मतदाताओं को ईवीएम मशीन से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी गई।

## एनटीपीसी चिकित्सालय में विश्व कैंसर दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** आवासीय परिसर स्थित विभागीय चिकित्सालय में विश्व कैंसर दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हज्ञक्ष्ट कोरबा के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि आम जागरूकता के साथ ही यहां कैंसर स्क्रीनिंग कैंप भी अयोजित गया। इस कैंप में हमारे चिकित्सा विशेषज्ञों ने आसपास के गांवों में निवासरत महिलाओं को हॉस्पिटल में एकत्रित कर उनकी निशुल्क स्क्रीनिंग की। यह स्वास्थ्य परीक्षण विशेषकर 40 वर्ष की आयु से अधिक की महिलाओं पर केंद्रित रहा। स्क्रीनिंग में अगर कोई चिन्हांकन होता है तो आगे की जांच के लिए उन्हें भेजा जाएगा। इसके साथ ही उन महिलाओं के साथ कैंसर जागरूकता पर एक परिचर्चा भी रखी गई। इसमें हमारे चिकित्सकों ने उन्हें कैंसर से संबंधित बातें, जैसे उनके कारण, पहचान के लक्षण, उपचार और अन्य जरूरी बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। ताकि उन्हें इस बात का भली भांति ज्ञान हो कि दुर्भाग्य से ऐसे लक्षण दिखें तो बिना देर चिकित्सकीय सलाह लें। समय रहते इलाज शुरू होने से इस भयावह बीमारी को भी हराया जा सकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से एनटीपीसी के हमारे चिकित्सकों की टीम द्वारा एक बहुत अच्छी पहल की गई है और मैं यह चाहूंगा कि यह एक अभियान के रूप में कम से कम एक माह तक अनवरत जारी रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को उसका समुचित लाभ प्रदान किया जा सके। एनटीपीसी हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ विनोद कोल्हटकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से डॉ प्रतिभा अर्चना दास, डॉ परिमिता हुरा, डॉ बबिता चौरसिया, डॉ रश्मि कुमारी, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती उज्ज्वला पटेल एवं चिकित्सालय की पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

उन भ्रांतियों से दूर रहना जरूरी है जो कैंसर को दूर करने की राह में बाधक हैं- डॉ प्रतिभा अर्चना दास

एनटीपीसी हॉस्पिटल कोरबा की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा अर्चना दास ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से स्क्रीनिंग या चिकित्सा जांच के साथ जागरूकता पर भी जोर दिया जा रहा है। खासकर उन ग्रामीण महिलाओं को, जिनमें ऐसी भ्रांतियां हैं कि दूध नहीं पिलाने से या ज्यादा बच्चे होने से, जांच के बाद दवाइयां खाने से कैंसर हो जाता है, जैसी तथ्यहीन बातों के प्रति जागरुक करना ज़रूरी है। कैंसर से संबंधित बातों पर लोग चर्चा करने से ही डरते हैं। जांच से भागते हैं। उन्हें यह जानना जरूरी है कि समय डिटेक्शन प्रिवेंशन और ट्रीटमेंट से सर्वाइकल कैंसर पर जीत हासिल की जा सकती है। समय डिटेक्शन और ट्रीटमेंट से हासिल की जा सकती है सर्वाइकल कैंसर पर जीत - डॉ परिमिता हूरा एनटीपीसी हॉस्पिटल कोरबा की रेडियोलॉजिस्ट डॉ परिमिता हूरा ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस पर इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दो तरह के कैंसर की जांच पर फोकस किया जा रहा है। इनमें ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर को टारगेट किया गया है। दोनों ही कैंसर का अर्ली स्टेज में अल्ट्रासाउंड के जरिए पता लगाना संभव होता है। उन्होंने बताया कि 40 वर्ष या उसके आसपास की उम्र में जो महिलाएं पहुंच चुकी हैं, जिनमें मेनोपॉज हो गया है या मेनोपॉज के आसपास पहुंच रही हैं, उन्हें केंद्रित कर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि नियमित स्वास्थ जांच कराएं, क्योंकि समय रहते पता चल जाने से दोनों ही प्रकार के कैंसर में सफलतापूर्वक उपचार संभव हो जाता है।

## झाड़ियां में लगी आग पर दमकल ने पाया काबू

**कोरबा ।** कोरबा जिले में गर्मी ने अभी दस्तक दी ही रही हैं कि अग्नि ने अपना तांडव रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार अंचल के रजगामार मार्ग में संचालित सृष्टि मेडिकल कॉलेज के पास लगे झाड़ियां में आग लग गयी। आज दोपहर अचानक आग लग गई आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

## डायमंड जुबली जम्बूरी में जिले के स्काउटस व गाइडस हुए शामिल

**कोरबा।** डायमंड जुबली जम्बूरी में कोरबा जिले से 10 स्काउट्स, गाइड्स तथा जिला संगठन आयुक्त द्वय सम्मिलित हुए। डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन तमिलनाडु स्थित त्रिची, मन्नापराई में 28 जनवरी से 3 फरवरी तक हुआ। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में डायमंड जुबली जम्बूरी आयोजित की गई। इस जम्बूरी में देश-विदेश से लगभग 15 हजार की संख्या में स्काउट आंदोलन से जुड़े लोग शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ से 200 की संख्या वाले दल ने राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन और राज्य सचिव कैलाश सोनी के दिशा- निर्देश पर भागीदारी की। डायमंड जुबली जम्बूरी में कोरबा जिले से जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) डीगम्बर सिंह कौशिक के नेतृत्व में स्काउट वैभव डहरिया, रामकिशन यादव, सक्षम केंवट, गाइड पूर्वा सोनी, मनीषा साहू, पुष्पांजली साहू, दिशा कर्ष, अनुभा राठौर, प्रतिभा साहू, सृष्टि कुर्रे ने भागीदारी की। जिला संगठन आयुक्त (गाइड) उत्तरा मानिकपुरी राज्य स्टॉफ के तौर पर सम्मिलित हुईं। प्रतिभागियों ने पेजेंट शो, फिजिकल डिस्पले, मार्च पास्ट, कैम्प क्राफ्ट, कैम्प फायर, राज्य प्रदर्शनी, स्किल- ओ- रामा, लोक नृत्य, फूड प्लाजा, पेट्रोल इन काउंसिल, एडवेंचर सहित अन्य गतिविधियों में भाग लिया। चलित झांकी तथा छत्तीसगढ़- डे के दौरान छत्तीसगढ़ के दल ने अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति के माध्यम से पूरे देश का ध्यान आकृष्ट किया और प्रशंसा प्राप्त की। छत्तीसगढ़- डे में राष्ट्रीय और कई राज्यों के डेलिगेट्स सम्मिलित हुए। दल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में भागीदारी करते हुए ए एवं बी ग्रेड का उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। डायमंड जुबली जम्बूरी का समापन समारोह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने डायमंड जुबली जम्बूरी के समापन आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को मशाल सौंपी। डायमंड जुबली जम्बूरी का समापन, 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा प्रथम विश्व गर्ल गाइड जम्बूरी का आयोजन इसी साल छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित है।

## 670 करोड़ से अधिक का धान बेचा जिले के किसानों ने

**कोरबा ।** समर्थन मूल्य पर किए जा रहे धान खरीदी अभियान पर शुक्रवार को विराम लग चुका है। कोरबा जिला पहली बार तय लक्ष्य के करीब पहुंचकर पहली बार पीछे रह गया।वहीं पंजीकृत 17 फीसदी किसान धान बेचने नहीं पहुँचे। तय लक्ष्य 31 लाख क्विंटल की पूर्ति में 41 समितियों के 65 उपार्जन केंद्रों में 44 हजार 427 किसानों ने 29 लाख 15 हजार 548.80 क्विंटल समर्थन मूल्य पर 670 करोड़ 57 लाख 62 हजार 240 रूपए का धान बेचा । जिले को खरीफ विपणन वर्ष 2024 -25 में 31 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया था। पंजीकृत 54 हजार 121 किसानों के 73 हजार 225 .6410 हेक्टेयर रकबे से लक्ष्य की पूर्ति की जानी थी। लेकिन अर्से बाद जिला लक्ष्य के करीब पहुंचते पहुँचते 5.95 फीसदी (1 लाख 84 हजार 451.2 क्विंटल)पीछे रह गया। 1 नवंबर से 31 जनवरी तक चले धान खरीदी अभियान में 41 समिति के 65 उपार्जन केंद्रों में 29 लाख 15 हजार 548 .80 क्विंटल धान की आवक हुई । 44 हजार 427 किसानों ने 56 हजार 187 .1035 हेक्टेयर रकबे के धान बेचा। इस तरह 9 हजार 694 (17 .91 फीसदी )किसान धान बेचने नहीं पहुंचे। 92 हजार 339.20 क्विंटल धान खरीदी कर उपार्जन केंद्र भैसमा सभी 65 उपार्जन केंद्रों में सिरमौर रहे । खरीदे गए धान में से 31 जनवरी की स्थिति में 24 लाख 1 हजार 957.60 क्विंटल 82.38 फीसदी धान का उठाव हो चुका है। 100 करोड़ रुपए से अधिक के 5 लाख क्विंटल से अधिक धान शेषजिले में 31 जनवरी की स्थिति में सभी 65 उपार्जन केंद्रों में 5 लाख 13 हजार 591.20 क्विंटल समर्थन मूल्य पर 118 करोड़ 12 लाख 59 हजार 760 रुपए का धान उठाव के इंतजार में हैं। मार्कफेड द्वारा शत प्रतिशत धान के उठाव का डीओ तो जारी कर दिया गया है। जिसमें 10 दिनों के भीतर उठाव का प्रावधान है। लेकिन लगातार तेज होते धूप की वजह से खरीदे गए नमीयुक्त धान के वजन में लगातार कमी (सूखत)आ रही है। जिसका वहन समितियों को करना पड़ता है। जिले में इस साल उठाव की सबसे लचर व्यवस्था रही। जिसका खामियाजा समितियाँ भुगत रही हैं। जिले के 22 उपार्जन केंद्रों में 10 -10 हजार क्विंटल से अधिक धान उठाव के इंतजार में हैं। 31 जनवरी की स्थिति में अखरापाली में 14 हजार 478 क्विंटल,उतरदा में 11 हजार 569.20 क्विंटल बोईदा में 10 हजार 340 क्विंटल,करतला में 13 हजार 445.60 क्विंटल,केरवाद्वारी में 21 हजार 670 क्विंटल,कुल्हरिया में 12 हजार 752 .40 क्विंटल ,कोरबी (पाली) में 13 हजार 558 क्विंटल,कोरबी (पोंडी उपरोड़ा )में 14 हजार 901 .60 क्विंटल ,चिकनीपाली में 12 हजार 514 क्विंटल,जटगा में 11 हजार 621 .60 क्विंटल ,तुमान में 16 हजार 11 क्विंटल ,नवापारा में 21 हजार 500 क्विंटल ,बेहरचुवां में 15 हजार 292 क्विंटल,पठियापाली में 12 हजार 341

## शिव पार्वती के आचरण पर चलने वालों की मनोकामनाएं होती है पूर्ण

**कोरबा।** गायत्री मंत्र की महिमा का बखान करते हुए श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण के छठवें दिवस पं. राजकुमार शर्मा ने कहा कि गायत्री मंत्र को सर्वश्रेष्ठ मंत्रों में से एक माना जाता है।

इसके जप से मन के दुख, द्वेष, पाप, भय, शोक जैसे नकारात्मक विचारों का अंत होता है, बुद्धि प्रखर होती है, तेज बढ़ता है और सभी तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आज के प्रसंग में उन्होंने सत्यव्रत, त्रिशंकु, श्रवण कुमार और राजा हरिश्चन्द्र के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया। पं. राजकुमार शर्मा ने शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग की कथा सुनाते हुए पूज्य कहा कि शिव पार्वती विवाह की महिमा बड़ी अद्भुत है। वैदिक रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराकर पर्वत राज हिमांचल ने हाथ में कुश लेकर तथा कन्या का हाथ पकड़ कर उन्होंने अपने पुत्री भवानी **को शिव जी को समर्पण किया।**

**पानि ग्रहण जब कीन्ह महेशा ।**
**हिय हरशे तब सकल सुरेशा ।।**
**वेद मंत्र मुनिवर उच्चरही ।**
**जय जय जय शंकर सुर करही ।।**

पं. राजकुमार शर्मा ने कहा कि जब शिवजी ने पार्वती का पानि ग्रहण किया, तब सब देवता हृदय से बड़े हर्षित हुए और श्रेष्ठ मुनिगण वेद मंत्रों का उच्चारण करने लगे और देवता शिवजी की जय-जय करने लगे। अनेक प्रकार के बाजे बाजने लगे आकाश से अनेक प्रकार के फूलों की वर्षा होने लगी। इस तरह शिव पार्वती का विवाह संपन्न हो गया। सारे ब्रम्हांड में आनंद भर गया। अनेक प्रकार की वस्तुएं शुभ शगुन के रूप में दहेज।दिया गया जिसका वर्णन नहीं हो सकता है।

## चुनाव के बहिष्कार की धमकी



**कोरबा।** फ्लोरमैक्स पीड़ितों ने ऐलान करते हुए कहा है न्याय नही मिला तो चुनाव का केरेंगे बहिष्कार। महिलाओ ने यह भी कहा मंत्री का बयान बार -बार मन को कुरेद रहा है।

बता दें कि फ़्लोरा मैक्स कंपनी से ठगी का शिकार हुई महिलाओं का संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को एक बार फिर आचार संहिता के निर्देशों का पालन करते हुए पीड़ित महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और अपनी मांगों को रखते हुए शीघ्र समाधान की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो वे नगरीय निकाय चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लेंगी।

चुनाव बहिष्कार से प्रशासन की बढ़ी मुश्किलें

महिलाओं ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि प्रशासन इस मामले में तत्काल ठोस कदम उठाए और उनकी समस्याओं का समाधान करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कोरबा नगर पालिका निगम क्षेत्र की करीब 10 से 12 हजार पीड़ित महिलाएं नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगी। साथी इस मामले में ठगी का शिकार हुई जिलेभर की 30 से 40000 महिलाएं भी अपने क्षेत्र के चुनाव का बहिष्कार का मन बना रही है

## कुछ बिहार में यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम कोरबा के युवा ने निभाई सक्रिय भागीदारी



**कोरबा।** बॉर्डर यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम- कूच बिहार में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक यात्रा संपन्न नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वावधान में बॉर्डर यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन 27 से 31 जनवरी 2025 तक कूच बिहार में किया गया। इस कार्यक्रम में देश के पांच राज्यों के युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से नरेंद्र कुमार चंद्रा, पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक, नेहरू युवा केंद्र, ने भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन उत्तरी कूच बिहार के विधायक सुकुमार रॉय द्वारा किया गया जिसमे विधायक द्वारा नरेंद्र कुमार चंद्रा को किट देखर सम्मान किया गया, प्रतिभागियों को बक्सा फोर्ट का ऐतिहासिक भ्रमण कराया गया, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह किला ब्रिटिश शासन के दौरान एक प्रमुख जेल के रूप में प्रयोग किया जाता था, जहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस को कुछ समय के लिए बंदी बनाकर रखा गया था। इस यात्रा ने युवाओं को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संघर्षों और बलिदानों से अवगत कराया।

साथ ही साथ युवाओं को कूच बिहार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराने के लिए कूच बिहार पैलेस का भ्रमण कराया गया। यह महल अपनी भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा, प्रतिभागियों ने जिले में सतीश सातमान क्लब द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों को भी नजदीक से देखा और समझा। भूटान यात्रा एवं चाय बागानों का अनुभव, प्रतिभागियों को भारत-भूटान सीमा से जुड़े गांवों और वहां की सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति को समझने का अवसर मिला। इसके साथ ही, युवाओं ने चाय बागानों का दौरा किया, जहाँ उन्हें चाय की खेती, उत्पादन प्रक्रिया और उसकी बारीकियों की जानकारी प्रदान की गई। शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने कूच बिहार के मदन मोहन मंदिर के दर्शन किए। यह ऐतिहासिक मंदिर कूच बिहार के पूर्व शासकों द्वारा निर्मित कराया गया था और इसकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता अत्यंत गहरी है। इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सफल सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

युवाओं के लिए प्रेरणादायक अनुभव

इस बॉर्डर यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम ने युवाओं को सीमा क्षेत्र की सामाजिक संरचना, इतिहास, कृषि और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को समझने का अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को संस्कृति, परंपराओं और इतिहास की गहरी समझ विकसित करने में मदद की। युवाओं ने इस कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक अनुभव बताया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की। नरेंद्र कुमार चंद्रा ने नेहरू युवा केन्द्र के राज्य निदेशक अतुल निगम,एवं कोरबा के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे का आभार व्यक्त किया।

## सदस्य पद हेतु नामांकन पत्रों की संवीक्षा हुई पूर्ण

**कोरबा ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नामांकन प्रक्रिया के दौरान अंतिम तिथि 3 फरवरी तक 123 नाम निर्देशन पत्र जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत किए गए।

4 फरवरी मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के द्वारा नामांकन पत्रों की विधिवत संवीक्षा की गई। इस दौरान अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों से संबंधित दावे एवं आपत्तियों को भी आमंत्रित किया गया। संवीक्षा प्रक्रिया के दौरान नाम निर्देशन पत्रों के साथ प्रस्तुत सभी आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई। संवीक्षा में जिला पंचायत के 12 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 100 नामांकन पत्र वैध पाए गए। रिटर्निंग अधिकारी श्री नाग ने बताया कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से 7, क्षेत्र क्रमांक 2 से 10, क्षेत्र क्रमांक 3 से 6, क्षेत्र क्रमांक 4 से 17, क्षेत्र क्रमांक 5 से 7, क्षेत्र क्रमांक 6 से 10, क्षेत्र क्रमांक 7 से 7, क्षेत्र क्रमांक 8 से 4, क्षेत्र क्रमांक 9 से 6, क्षेत्र क्रमांक 10 से 6, क्षेत्र क्रमांक 11 से 9, एवं क्षेत्र क्रमांक 12 से 11 कुल 100 अभ्यर्थियों के विधिमान्य नाम घोषित किए गए।

# बिजली बिल व समप्ति कर देने वाले भी आएंगे पीएम आवास की पात्रता श्रेणी में

**कोरबा।** नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा के घोषणा पत्र अटल संकल्प पत्र पर मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा की इस संकल्प पत्र का सबसे अधिक लाभ कोरबा शहर के लोगों को मिलेगा। लोगों की सबसे बड़ी परेशानी का निदान होने जा रहा है। अब सभी के पीएम आवास का सपना साकार होगा, हर पट्टा धारक अब भू-स्वामी बनेंगे। यहां तक की बिजली बिल और प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने वाले लोग भी अब पीएम आवास की पात्रता सूची में शामिल होने जैसे बहुत सारे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पूर्वोत्तर सरकार ने प्रधानमंत्री आवास को रोक दिया था, वर्तमान सरकार ने फिर से इसे प्रारंभ कर दिया है। घोषणा पत्र में रुके हुए पीएम आवास शहरी परियोजनाओं को और वर्तमान में स्वीकृत 3 लाख पीएमएवाई-यू घरों को तेजी से पूरा करने का निर्णय लिया गया है। महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25त्न की विशेष छूट देंगे, हर महीने की 7 तारीख से पहले संपत्ति कर भुगतान करने वालों को 10त्न की विशेष छूट मिलेगी। प्रत्येक नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना करेंगे, जिसके तहत यूपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तर करने वाले उम्मीदवारों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

बाजार बनेंगे मॉडल, सभी जगह बनाए जाएंगे पिंक टॉयलेट

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि प्रत्येक नगर निकाय के व्यावासायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में शहर के बाजारों की हालत बहुत ही खराब है, व्यावसायिक क्षेत्र लोगों के टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है। बाजार क्षेत्र में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार कर साफ सुरक्षित और सुविधाजक शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। समाधान योजना के माध्यम से बिना जुर्माना ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के एक मुस्त निपटान प्रदान करेंगे। विद्यालय और महाविद्यालय में छात्राओं के लिए फ्री सेक्रेटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे

स्व सहायता समूह के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना करेंगे। कोरबा शहर में 50 स्थान पर विकसित किए जाएंगे वाई-फाई स्पॉट संकल्प पत्र में युवाओं की सुविधा को देखते हुए कोरबा शहर में 50 स्थान पर वाई-फाई स्पॉट विकसित करने को शामिल किया गया है। साथ ही विद्यालय और महाविद्यालय में मुक्त वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी। बनाए जाएंगे स्मार्ट वेंडिंग जोन

श्री देवांगन ने सड़क किनारे लगाने वाले गुमटी और ठेलों के लिए महत्वपूर्ण बिंदु संकल्प पत्र में शामिल किए गए हैं। स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए पीएम सम्मन निधि के माध्यम से 30 हजार की वित्तीय सहायता देंगे। स्मार्ट वेंडिंग जोन फूड्स स्ट्रीट की स्थापना करेंगे। एक समुचित नीति बनाएंगे जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

महिलाएं होंगी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर श्री देवांगन ने आगे कहा कि कोरबा शहर के 71 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। स.।त्न लाभार्थियों को ढाई लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण देंगे।ताकि वो आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें।सफाई व्यवस्था बनाई जाएगी और बेहतरस्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए हर घर में कचरा बाल्टी मुहैया कराएंगे। रात्रिकालीन सफाई सुनिश्चित करेंगे। स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग करेंगे। निगम की सारी सेवाएं होंगी ऑनलाइनश्री देवांगन ने कहा की सुविधाओं के विस्तार के लिए माय सिटी ऐप लॉन्च करेंगे, जो नगर निगम के सभी ऑनलाइन सेवाओं को सुनिश्चित करेगा। हर जोन में एक एकीकृत सेवा केंद्र स्थापित करेंगे ताकि लोगों को बार-बार निगम नगर निगम के चक्कर न लगाना पड़े। हर घर स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करेंगे नाल नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरूदार करेंगे ।तालाब होंगे पुनर्जीवित, स्वच्छता कर रखा जाएगा ध्यान श्री देवांगन ने बताया कि कांग्रेस के शासन में कोरबा शहर का एक भी तालाब आज उपयोग हेतु नहीं नहीं बचे हैं। भाजपा सरकार प्रत्येक तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित करेंगे और इसे एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जोड़ेंगे ताकि तालाबों की स्वच्छता हो सके। गोकुल नगर का विस्तार करेंगे ताकि गौ संरक्षण उनकी देखभाल और आवास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। पार्किंग की बड़ी समस्या का होगा निदान शहरों में शासकीय जगह पर कार और दो पहिया वाहन के लिए व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण करेंगे, जिससे यातायात की पार्किंग समस्याओं का का समाधान निश्चित हो सके। प्रमुख नगर निकायों में नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र शुरू करेंगे और पुस्तकालय में सीटों की संख्या बढ़ाएंगे।



## सरस्वती शिशु मंदिर चाम्पा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी

**चांपा-जांजगीर।** सरस्वती शिशु मंदिर, चाम्पा में आयोजित इस कार्यक्रम ने ज्ञान, संस्कार और आनंद का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। इस आयोजन ने बच्चों, अभिभावकों और समस्त विद्यालय परिवार को एक नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की।

सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी का पावन उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माता सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना है इस अवसर पर 53 नन्हे बालकों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ। विद्यारंभ संस्कार भारतीय संस्कृति में शिक्षा के प्रथम चरण की शुरुआत को दर्शाता है, जहां बच्चों को माता सरस्वती के आशीर्वाद से अक्षर ज्ञान कराया जाता है। वैदिक मंत्रों के उच्चारण और विधिवत पूजा-पाठ के साथ बच्चों ने जीवन की नई दिशा में कदम रखा। इस दौरान पोथी पूजन भी हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी पाठ्य-पुस्तकों का विधिवत पूजन कर ज्ञान की देवी सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया।

**शिशु नगरी कार्यक्रम एवं आनंद मेला**

विद्यालय में शिशु नगरी कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आनंद मेला भी लगा, जहां विभिन्न प्रकार के खेल, मनोरंजक गतिविधियाँ और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। बच्चों और अभिभावकों ने मिलकर इस मेले का भरपूर आनंद उठाया।

इस भव्य कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, विद्यालय समिति के पदाधिकारी, अभिभावकगण उपस्थित रहे। उनके द्वारा नन्हे बच्चों को आशीर्वाद दिया गया और शिक्षा व संस्कार के महत्व पर बल दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्राथमिक विद्यालय के समस्त आचार्य-आचार्याओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने न केवल इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराया, बल्कि बच्चों में संस्कार और शिक्षा के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न की।

# गुरूकुल में बसंत पंचमी पर शुरू कराया विद्यारंभ



**जांजगीर।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर के छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बसंत पंचमी पर विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी को मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इस दिन विद्या आरंभ का महत्व भी है। साथ ही साथ कोई भी नए कार्य की शुरुआत करना भी मंगलकारी माना जाता है।

बसंत ऋतु प्रत्येक जीव में आत्मविश्वास की वृद्धि करता है, क्योंकि सूर्य की किरणें प्रत्यक्ष रूप से मस्तिष्क पर असर डालती है। जिससे संतुलन, पूर्णता और एकाग्रता में भी वृद्धि होती है। दूसरी तरफ मौसम खुशनुमा हो जाता है, न ज्यादा ठंडी न ज्यादा गर्मी, जिसके कारण खान-पान एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी तथा कल्याणकारी होता है। अतः सभी छात्र-छात्राएं तन मन से परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं और अपनी क्षमता तथा योग्यता को साबित करें। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक भावधारा से ओत-प्रोत बसंत पंचमी के आयोजन में प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों की हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक विपिन गुप्ता, शिक्षक सुंदर पाल चौहान, सुखुलाल चौधरी, ई. सुधाकर राव, साहनी राम आदित्य, नंदकुमार माहेश्वरी, डॉ. जागेन्द्र कुमार कुलमित्र, जे. कविता, अमन सिंह, मुस्कान गुप्ता, गौतम स्वैन, प्रभाकर घोष, प्रहलाद साहू उपस्थित थे।

## स्वास्तिक चिन्ह बनाया माथे पर, विद्या प्राप्ति के लिए सबसे पहला आयाम है यह

**जैजैपुर।** ग्राम भारती सरस्वती शिशु मंदिर जैजैपुर में बसंत पंचमी मनाई गई। संचालक



हिमांशु दुबे ने सरस्वती पूजा की। इसके बाद विद्या आरंभ और संस्कार मातृ सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं और शिक्षिकाओं ने बच्चों के मस्तक पर तिलक लगाकर आम के पत्तों में ओम और स्वास्तिक बनाकर मंत्र उच्चारण के साथ विद्या आरंभ की प्रक्रिया पूरी की। विशिष्ट अतिथि के रूप सहसंयोजक सत्य प्रकाश गुप्ता, दिगंबर चंद्रा, कोषाध्यक्ष जगदीश यादव, भगवती भारद्वाज को तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर शाला परिवार ने सम्मानित किया गया। इसके बाद नन्हे छात्र-छात्राओं ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नगर के लोगों सहित छात्र-छात्राएं और शाला परिवार के लिए स्वल्पाहार का आयोजन किया गया।

## 110 अभ्यर्थी लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत जांजगीर चांपा अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के लिए 3 फरवरी 2025 तक निर्वाचन हेतु कुल 110 अभ्यर्थियों द्वारा 127 नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। रिटर्निंग अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल ने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 04 फरवरी को की गई, जिसमें 110 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया। उन्होंने बताया कि नाम वापसी अंतिम तिथि एवं प्रतीक चिन्ह का आबंटन 6 फरवरी 2025 को की जाएगी।

## त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के संबंध मेंअधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला पंचायत सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आगामी निर्वाचन कार्य के प्रबंधन और संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सेक्टर अधिकारियों को ई व्ही एम मशीन तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन पूर्व की जिम्मेदारी, मतदान दिवस की जिम्मेदारी, विभिन्न प्रपत्रों में जानकारी देने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मतदान दिवस पर समस्याओं की त्वरित रिपोर्टिंग और चुनाव सामग्री की सुरक्षित वापसी इत्यादि के बारे में जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने सेक्टर अधिकारियों को अपने सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कर ले। इस अवसर पर सेक्टर अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत चुनाव में इस बार युवा चेहरों पर प्रमुख दलों ने दांव लगाया, जीतने के लिए हो रही भरपूर कोशिश

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत चुनाव का माहौल पूरी तरह से गर्म हो चुका है। चुनावी रैलियों और भाषणों का असर अब शहर से लेकर गांव तक महसूस किया जा रहा है। छोटे-बड़े नेताओं के बीच तकरार जारी है, लेकिन इस बार कुछ नए चेहरे हैं जिनको जनता से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। जो उनके नामांकन रैलियों के दौरान भी देखने को मिला है। तो कुछ नेता ऐसे भी है, जिनको जनता मुंह पर सुना दे रही है। जिससे उन्हें लज्जित होकर उल्टे पांव जाना पड़ रहा है।

कुछ इसी तरह जिला पंचायत चुनाव का माहौल पूरे सबाब पर है। हर प्रत्याशी अपनी जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। कहीं मुर्गा दारू की पेशकश तो कहीं वादों की झड़ी लगाई जा रही है। जनता का समर्थन पाने हर हथकंडे आजमाए जा रहे हैं। ऐसे में बदनाम और जुमलेबाज नेताओं के बीच साफ सुथरी छवि वाले युवा जोश और क्षेत्र के विकास को लेकर नईं सोच रखने वाले प्रत्याशियों की चर्चा भी खूब हो रही है।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 (सरखों) से नामांकित प्रत्याशी लोकेश राठौर का चेहरा क्षेत्र में नया नहीं है। वे महाकाली संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और लंबे समय से जनहित कार्यों में सक्रिय हैं। उनका सरल और धार्मिक स्वभाव उन्हें क्षेत्र के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय बना चुका है। नामांकन रैली के दौरान लोकेश राठौर के समर्थन में हजारों की संख्या में लोग उमड़े थे, जो उनकी लोकप्रियता का जीवंत प्रमाण था। रैली के



दौरान यह भी चर्चा में आया कि उनकी सादगी और समर्पण की वजह से विपक्षी प्रत्याशी भी चिंतित हैं। राजनीतिक गलियारों में इस भीड़ की चर्चा जोरों पर है। उनके समर्थन में आई जनता ने यह साबित कर दिया कि लोकेश राठौर केवल एक युवा नेता नहीं, बल्कि लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक बन चुके हैं।

वहीं, क्षेत्र क्रमांक 12 (चारपारा) से पूर्व सांसद कमला देवी पाटले की बहु और पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पाटले की पत्नी मंजूषा पाटले भी चुनावी मैदान में उतर चुकी है। मंजूषा पाटले को क्षेत्र में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है, जो उनकी नामांकन रैली में साफ नजर आया। नामांकन रैली के दौरान हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर आ गए, जिससे जिला मुख्यालय की सड़कों पर जाम लग गया।

मंजूषा पाटले एक शिक्षित और समाजसेवी महिला हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और इसके बाद पत्रकारिता (बीजेएमसी) में अपनी डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में वे एलएलबी की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने अपने जीवन को सेवा में लगाने का संकल्प लिया है और हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ रही हैं। विशेष रूप से, उन्होंने महिलाओं और बच्चों के लिए हिंदुत्व संस्कृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया है। मंजूषा पाटले के प्रति क्षेत्रवासियों का विश्वास और प्यार साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरी हैं और उनका चुनावी अभियान क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनकी निस्वार्थ सेवा भावना और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें एक आदर्श प्रत्याशी बना दिया है।

**चुनावी माहौल में उभरते हुए नाम**

लोकेश राठौर और मंजूषा पाटले दोनों ही प्रत्याशी क्षेत्र में सघन दौरे कर रहे हैं और जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। दोनों ही प्रत्याशियों का मानना है कि जनता की समस्याओं का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है। इसके बावजूद, अन्य प्रत्याशी भी अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं, लेकिन जनता का समर्थन केवल चुनिंदा नेताओं को ही मिल रहा है। इन दोनों प्रत्याशियों की दावेदारी मजबूत नजर आ रही है क्योंकि वे युवा, मुखर और अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को समझते हुए उनके समाधान के लिए काम कर सकते हैं। इस बार चुनावी महासमर में जहां कई नेता सिर्फ वादों की झड़ी लगा रहे हैं, वहीं लोकेश राठौर और मंजूषा पाटले जनता की सच्ची सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दे रहे हैं।



## सेवानिवृत्त होने पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को दी गई विदाई

**जांजगीर।** सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र नवागढ़ में बनवारी लाल चंद्रा के सेवानिवृत्त होने पर अस्पताल के चिकित्सकीय कर्मचारियों ने विदाई दी। बीएमओ डॉ. नरेश साहू बीएमओ ने श्रीफल व शॉल देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम को डॉ. नरेश साहू, विजय निर्मलकर, अवनिजा कश्यप बीईटीओ, रामगोपाल आदिले, डॉ. विशाल खन्ना, डॉ. देवेंद्र कश्यप, डॉ. छमता सिंह, जगदीश मिश्रा, सरस्वती चौहान, कामिनी सिदार, शशि लेदर, प्रगति कुर्रे, ऋतु यादव, चेतना साहू, शैल प्रभा, वर्षा साहू, समिता वैभव नंद, जमुना कश्यप ने संबोधितं कया। इस अवसर पर डाकेश्वर, नंद बनर्जी, पंकज बहोरिक, योगेश तिवारी, पंकज, कठोतिया, मनीषा कश्यप, लीन वैष्णव, दुर्गेश बरेठ, सजिद खान, संतोषी, नीरा, गोपी साहू का सम्मान किया।

## प्रीति ने कहा, वार्ड 16 में काम के आधार पर होगी जीत

**जांजगीर चांपा।** जिले के नगर पालिका जांजगीर नैला के 25 वार्डो में भाजपा और कांग्रेस ने अपना-अपना प्रत्याशी चुनावी मैदान उतारा है। लगातार वार्ड में दोनों पार्टी के अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशी जनता के बीच जाकर अपने-अपने पक्ष में वोट करने की बात कहते आ रहे है। दोनों ही पार्टी के शीर्ष नेता चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। आज हम बात करते है वार्ड नंबर 16 की जहां भाजपा ने इस बार तीन बार पार्षद और नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हितेश यादव की पत्नी प्रीति यादव को मौका दिया है। बता दे कि प्रत्याशी प्रीति यादव ने रूइंग्लिश की पढ़ाई की है। इस बार वार्ड नंबर 16 को डिग्रीधारी पार्षद मिलेगी। यह भी जनता को बताना चाहते है कि पिछले 5 सालों में नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष रहे हितेश यादव ने अपने वार्ड में विकास को पहले प्राथमिकता में रखा था जिससे वार्ड नंबर 16 की स्थिति सुधारी है डाबरी तालाब के पास भवन का निर्माण कराया गया है जिससे वार्ड के लोगों को जरूरत के समय सुख, दुःख और अन्य कार्यक्रमों में मदद होगी।

**क्या कहती है भाजपा प्रत्याशी प्रीति यादव क्या हैं उनका संकल्प पत्र**

मीडिया की टीम ने जब वार्ड नंबर 16 की प्रत्याशी प्रीति यादव से बात चीत कि उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी ने भरोसा जताया है और टिकट देकर अपना उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है निश्चित ही वार्ड नंबर 16 में कमल का फूल एक बार फिर से खिलेगा। घर घर जन संपर्क कर रही हुं वार्ड वासियो का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद भी मिल रहा है। मैने अपने वार्ड के लोगों के लिए एक संकल्प पत्र तैयार किया है यदि मैं जीती तो पूरा काम वार्ड के सुंदरता पर करूंगी। मेरा संकल्प पत्र है कि वार्ड 16 का हृदय स्थल डबरी तालाब का सौंदरीय कारण करना, बुनियादी कामों को पूरा,नली सड़क बिजली और पानी की जो समस्या गर्मी के दिनों में आती है उसके लिए उचित व्यवस्था करना ताकि पानी की समस्या खत्म हो, डबरी तालाब को भरने के लिए शहर से होकर गुजरी हसदेव नहर से पानी का भराव, लोगो को पीएम आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित सरकारी योजनों से लाभान्वित करना। यदि वार्ड नंबर 16 की जनता मुझे चुनती है तो मैं अपने मेरा संकल्प पत्र के वादे को पूरा करूंगी।

**नगर पालिका जांजगीर के पूर्व सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप..**

भाजपा पार्षद प्रत्याशी प्रीति यादव का कहना है कि जब नगर पालिका जांजगीर में कांग्रेस की पूर्व में



सरकार थी तब डाबरी तालाब के सौंदरीय कारण को लेकर प्रस्ताव होने के बाद भी काम शुरू नहीं किया गया। वार्ड नंबर 16 के विकास कार्य को दरकिनार किया गया है। इस बार नगर पालिका में भाजपा की सरकार बन रही है केंद्र सरकार राज्य सरकार के बाद नगर पालिका जांजगीर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के बाद विकास का कार्य तेजी से बढ़ेगा।

**क्या कहती हैं वार्ड की जनता कांग्रेस या भाजपा जरा**

पूर्व पार्षद हितेश यादव ने अपने कार्यकाल में काम तो किया है जो दिख भी रहा है लम्बे समय से वार्ड के पार्षद रहे है, मिलन सार है इस बार उनकी पत्नी प्रीति यादव को मौका दिया है। वही दूसरी ओर कांग्रेस ने ज्योति यादव अपना उम्मीदवार बनाया है। बार दोनों ही प्रत्याशी पढ़ी लिखी है । वहीं नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद हितेश यादव के कामों का प्रतिसाद मिलेगा जनता उनकी कामों से खुश है लोगो में उत्साह देखा जा रहा है।

नगर पालिका जांजगीर नैला चुनाव प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने वार्ड 14,15 और 16 में अध्यक्ष प्रत्याशी, पार्षद प्रत्याशीयो को लेकर जनता के बीच पहुंचे। लोगो से सही नेता चुनकर सरकार नगर पालिका में बैठने की अपील की।

**चुनाव प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने की मीडिया से बात चीत..**

चुनाव प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव का कहना है कि इस बार नगर की सरकार भाजपा की है सभी 25 वार्ड से पार्षद प्रत्याशी और अध्यक्ष प्रत्याशी जीत कर नगर पालिका ने सरकार बनाने का दावा किया है। इस बार ट्रिपल इंजन की सरकार से जांजगीर नगर पालिका की तस्वीर ही बदल जाएगी। वही धर्मांतरण को लेकर कहा कि चुनाव के बाद बड़ी संख्या में गलत तरीके से धर्मांतरण किया गया है उनका घर वापसी पैर पखार कर करेंगे। पिता जी ने यह अभियान चलाया है उसे पूरा करेंगे। धर्मांतरण सबसे गंभीर मुद्दा है।

## 8 जुआरी गिरफ्तार

**जांजगीर।** खरौद के कपूर तालाब के पास मंगलवार की रात आठ जुआरी पकड़े गए। आरोपियों के कब्जे से 12750 रुपए जब्त किए गए हैं। शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि खरौद में जुआ चल रहा है तत्पश्चात पुलिस मौके पर पहुंच जुआरियों को गिरफ्तार किया।


**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम गोढ़ी प.ह.नं.-24
तहसील कोरबा जिला कोरबा छ.ग.

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती चित्रलेखा चन्देल पति श्री पदम सिंह चंदेल, पदम सिंह चन्देल पिता स्व. बृजलाल सिंह चन्देल जाति क्षत्रीय (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम मिशन रोड कोरबा तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गोढ़ी प.ह.नं. 24 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 46/1 रकबा कुल 0.091 हे. में से 0.040 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 14.02.2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) **सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**


## 150 किमी पदयात्रा कर निशान चढ़ाएंगे खाटू श्याम को

**चांपा।** नगर के श्याम प्रेमियों ने मोदी चौक स्थित श्याम मंदिर से ओडिशा के भटलीधाम तक पांच दिवसीय निशान पैदल यात्रा शुरू की।

इस यात्रा में श्याम भक्त सुनील अग्रवाल, संदीप मित्तल, घनश्याम मोदी, अर्पण सिंघानिया, मोहन अग्रवाल, किशन मित्तल, विकास मोदी, सौमिल मोदी और कमल केडिया शामिल हैं। ये सभी 140 किलोमीटर पैदल चलकर 8 फरवरी को भटली पहुंचेंगे। वहां श्री श्याम मंदिर में श्याम प्रभु को निशान अर्पण करेंगे।

श्याम निशान यात्रा का सोंठी में भव्य स्वागत किया गया। श्याम भक्त शिवप्रकाश जायसवाल और ममता जायसवाल ने श्याम बाबा की पूजा-अर्चना कर सभी श्याम प्रेमियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। उन्हें स्वल्पाहार भी कराया गया। इस अवसर पर बाबूलाल जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल, सुशील शर्मा, दीपक जायसवाल और अनन्त जायसवाल भी उपस्थित रहे।



## सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती की पूजा व विद्या आरंभ कार्यक्रम हुआ



**सक्ती।** बसंत पंचमी पर शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मां शारदे सरस्वती की पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित आचार्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने विधिवत मां शारदे की पूजा अर्चना संपन्न करवाई।

वहीं इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कपूरचंद्र अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, सह व्यवस्थापक कन्हैया गोयल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य कुशलाल वर्मा, डमरुधर देवांगन, विनोद अग्रवाल, संघ परिवार के अजीत उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य पुरन गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। इसके बाद विद्यालय परिवार के सदस्यों ने विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरणं कया गया। इस क्रम में विद्यालय के नव प्रवेशी बच्चों को स्लेट-पेंसिल और शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गांव में मड़ई मेले की शुरुआत, निकाली रैली



**पहरिया।** गांव में मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले की शुरुआत में समूह कि महिलाओं ने मेला परिसर में रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर शिव शर्मा, सुनीता शर्मा, उमा कुर्रे, गीता ओग्रे,मिलन बाई, राजकुमारी कुर्रे,लक्ष्मी कुर्रे, हीरा कुर्रे, सत्या लता कुर्रे, तेजबाई कुर्रे, रामेश्वरी कुर्रे, वृहस्पत कुर्रे, शकुन कुर्रे, अहिल्या कुर्रे, इतवारा कुर्रे, गणेशी कुर्रे, रेखा कुर्रे, गोमती कुर्रे, रतनबाई कुर्रे व शशि कुर्रे उपस्थित थे।

## अनमोल वचन......

**मीठा बोलने में एक कौड़ी भी खर्च नहीं होती इसलिए सदा प्रेमयुक्त, मधुर व सत्य वचन बोलें।**

## सीबीएसई का फैसला नि: संदेह महत्वपूर्ण पहल

अगले महीने से होने जा रही 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का फैसला निःसंदेह महत्त्वपूर्ण पहल है।

बोर्ड ने फैसला किया है कि अगर किसी परीक्षार्थी ने प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर डाला तो उसकी चार वर्ष की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। यानी उस परीक्षार्क्षी का मौजूदा पेपर तो रद्द होगा ही, साथ ही उसे अगले तीन वर्ष की परीक्षाओं में बैठने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। दरअसल, बोर्ड की ऐसी सख्ती वक्त की मांग है। कई बार से ऐसा देखा गया है कि परीक्षार्थी उत्साह में आकर या बेवकूफी में प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है।

इससे बाहर यह संदेश जाता है कि परीक्षा निष्पक्ष नहीं हुई और यह संदेश फैलते क्षण भर की भी देरी नहीं होती कि प्रश्नपत्र लीक हो गया। जाने-अनजाने इससे भ्रम फैलता है और सरकार के साथ-साथ बोर्ड भी दबाव में आ जाती है। साथ ही ईमानदारी से परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मनोबल गिरता है। सीबीएसई ने इन मामलों की जांच के लिए एक कमिटी बनाई है, जिसकी सिफारिश के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अनफेयर मीस के नियमों में ऐसे कई नियमों को शामिल किया गया है। यह देखने में आया है कि शैक्षणिक परीक्षाओं से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जाता रहा। इन सबका प्रभाव देश की परीक्षा प्रणाली पर काफी बुरा पड़ता है। वैसे भी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी लगाने, परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल न करने का निर्देश देना उन छात्रों के लिए भी तो बुरी बात है।

यह सभी विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर सोचने-विचारने की बात है कि उनके लिए इतने सारे सख्त नियम-कायदे अमल में लाए जाएं। आखिर क्यों उन्हें परीक्षा में नकल करने या अनुचित व्यवहार करने के लिए विवश होना पड़ता है। इस बाबत उन स्कूलों, उन विद्यार्थियों और उनके परिजनों को भी संवेदनशील और संजीदा होकर मंथन करने की आवश्यकता है। गलत तरीकों से परीक्षा में अंक लाना बहादुरी नहीं है। कॅरियर में आगे बढने के लिए ईमानदारी से किए गए प्रयास और दुनियादारी को समझना ही अच्छे अंक की गारंटी है। नकल करके प्रथम श्रेणी में पास होना विद्यार्थियों को क्षणिक खुशी तो देगा, मगर उन्हें जीवन पथ पर पीछे धकेल देगा।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने विचारों के साथ-साथ दूसरे लोगों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चो की भी अधिकता बनी रहेगी। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ना होने दें। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के साथ कुछ समय मनोरंजन में बिताएंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी। आज दूसरों के भरोसे अपने कार्यों को न छोड़ें, इसका असर आपके कार्यक्षेत्र में पड़ सकता है।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से नये जॉब के लिए कॉल आ सकती है। साथ ही कम्प्यूटर कोर्स ज्वॉइन करना चाहते है तो आज का दिन शुभ है। आज जल्दबाजी की बजाए शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से कामों को अंजाम देना आपके काम को ज्यादा सुगम बनाएगा। नजदीकी लोगों से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**कर्क राशि-** आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अगर आज नये बिजनेस की शुरूआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आज अपनी व्यावसायिक कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के बिजनेस में फायदा होने के योग हैं।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। सोचा हुआ कार्य समय पर पूरा होने से आप अपने अंदर ऊर्जा और आत्मविश्वास महसूस करेंगे। संतान की किसी उपलब्धि से सुकून व खुशी महसूस होगी।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन खास रहेगा। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। असमंजस की स्थिति में परिवार वालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा। इस समय मार्केटिंग संबंधी कार्यों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता पूर्ण रहेगा।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। किसी काम को करने में आज आपके सामने कठिनाइयां आएंगी, आप अपनी सूझ-बूझ से उनसे निपटने में सफल होंगे। आज समाज में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है। साझेदारी संबंधी व्यापार की योजना बना रहे हैं तो उससे जुड़े सभी मामलों पर अच्छे से सोच-विचार कर लें।

**वृश्चिक राशि-** आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाएगा। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते है। किसी उलझन का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। अपने व्यक्तिगत कार्यों में किसी और का हस्तक्षेप न होने दें। इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरुआत करने की सोच रहे हैं, उनके लिए दिन अच्छा है।

**धनु राशि-** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरूरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है। यात्रा लाभदायक होगी। कारोबार में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। धैर्य और संयम से मुश्किल समय निकल जाएगा। साझेदारी के व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखने से अच्छा रहेगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन राहत से भरा रहेगा। आर्थिक स्थिति में आज सुधार आएगा। समय का उचित सदुपयोग करें। सामाजिक गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। युवाओं का मन मुताबिक कार्य पूरा होने से सुकून मिलेगा। आज आपको जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार बदलने की जरूरत है।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए सहायक रहेगा। किसी विदेशी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। घर का माहौल सुखद और शांतिपूर्ण बना रहेगा। किसी मित्र से मुलाकात होगी और पुरानी यादें ताजा होंगी।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ व्यस्तता वाली रह सकती है लेकिन अंत में बेहतर परिणाम हासिल होंगे।

# पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट

//विनीत नारायण//

**शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था। शर्बत और लस्सी के देश भारत के अधिकांश लोग पश्चिमी बयार में बहकर खुद को मॉडर्न' साबित करने के लिए दूषित' शीतल पेयों का जमकर उपयोग कर रहे हैं।**

वैज्ञानिकों का कहना है कि इन शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है।

कुछ समय पहले राष्ट्रीय कंपनियाँ जिन शीतल पेयों को आम भारतीयों के गले के नीचे उतार रही हैं, वह सेहत के लिए ठिक है या नहीं यह तो विस्तृत जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा।

गैर-सरकारी संगठन सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट (सीएसई) के अनुसार यह विदेशी कंपनियां भारत के साथ भेदभाव बरत रही हैं। अमेरिका और अन्य दूसरों देशों में इनके उत्पादों की गुणवत्ता का बारीकी से ध्यान रखा जाता है, जबकि भारत में यह पैसे बचाने के लिए कीटनाशकों का घोल जनता को पिलाते हैं। पर, पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था।उस समय सीएसई ने देसी-विदेशी विख्यात कंपनियों के बोतल बंद पानी के दिल्ली में 17 और मुंबई में क्लोरोपाइरोफोस, मेलाथियान जैसे कीटनाशक पाए जाने की पुष्टि की थी।

इसके बाद सरकार को होश आया और उसने भारतीय मानक ब्यूरो की सिफारिश के आधार पर बोतल बंद पानी की शुद्धता बरकरार रखने के लिए खाद्य अपमिश्रण कानून में कुछ फेरबदल कर इन्हें लागू करवा दिया।हालांकि भारत के अधिकांश लोग नगर पालिका या नगर निगम द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला जल अथवा नदियों के पानी को ही पीते हैं।नगर पालिकाएं या नगर निगम इस पानी को स्वच्छ करने के लिए क्या कदम उठाती है, यह किसी से छिपा नही है। बाहरी जल की तो छोड़िए, पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण के कारण भूगर्भीय जल भी अब स्वच्छ नहीं रहा है।कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोगों से अनाज, सब्जी और फल तक दूषित हो गए हैं। यदि इनकी बिना सफाई किए हुए यूं ही खा लिया जाए, तो यह सेहत बनाने के बजाए उसका बेड़ागर्क कर देंगे।

ज्यादा पैदावार के चक्कर में किसान रासायनिक खादों का बेतरतीबी से इस्तेमाल कर रहे है। इसके दुष्परिणाम भी उनके सामने आने लगे हैं। भूमि बंजर हो रही है। उपज की गुणवत्ता में कमी आई है। जमीन से उपयोगी तत्व नष्ट हो रहे हैं, आदि-आदि।

कभी जहां इस देश में दूध-दही की नदियां बहा करती थीं, अब वहां हर चीज में मिलावट का आलम है। यहां तक कि दूध भी इससे अछूता नहीं रह गया है।थोड़े से लाभ के लिए लोग सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह पदार्थों से नकली दूध तैयार कर लोगों को पिला रहे हैं। यूरिया, साबुन, और तेल जैसी खतरनाक चीजों को मिलाकर बनने वाले इस दूध में दूध नाम की कोई चीज ही नहीं होती।लोग अज्ञानतावश मानव सभ्यता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इन्हें नहीं पता कि इस दूध को पीकर हमारे नौनिहाल, जो देश का भविष्य हैं, कितनी बीमारियों के चंगुल में फंस जाएंगे।डॉ वर्गीज कुरियन ने भी भारत में ऑपरेशन फ्लड' शुरू करते समय यह नहीं सोचा होगा कि आम लोगों को दूध मुहैया कराने के लिए वह जिन डेयरियों को खुलवाने की बात कह रहे हैं, उनमें बरती जाने वाली लापरवाही गाय और भैंसों के लिए तो जानलेवा साबित होंगी ही, साथ ही वहां से मिलने वाला दूध भी आम आदमी के लिए मुफीद नहीं रहेगा।भारत में डेयरियों की हालत ज्यादा अच्छी नहीं है। ज्यादा दूध लेने के चक्कर में गायों को हर साल गर्भवती करवा दिया जाता है, क्योंकि बच्चा होने के बाद दस माह तक वह ज्यादा दूध देती हैं। हर रोज उन्हें ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं ताकि वे ज्यादा दूध दे सकें। परंतु यह इंजेक्शन उनके लिए कितने हानिकारक हैं, यह दूध दुहने वाले और डेयरी मालिक शायद नहीं जानते।अगर उन्हें पता है तो वह और भी गंभीर अपराध कर रहे हैं, क्योंकि जानबूझकर किसी को मौत के मुंह में धकेलना, भारतीय ही नहीं विदेशी कानून में भी अपराध की श्रेणी में आता है। यह सभी तरीके इन बेजुबान जानवरों के लिए तो खतरनाक है ही, साथ ही इनका दूध पीने वालों के लिए भी कम नुकसानदेह नहीं हैं। इंडियन काउन्सिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा सात साल के शोध के बाद निकाले नतीजों में पाया कि जिस गाय के दूध को सदियों से हम पूर्ण आहार मानकर पीते चले आ रहे हैं, वह भी क्लोहैक्सेन (एचसीएच), डेल्ड्रिन, एल्ड्रिन जैसे खतरनाक कीटनाशक भारी मात्रा में मौजूद हैं।रिपोर्ट कहती है कि किसी व्यक्ति को डेयरी का दूध और उसके उत्पाद खाने-पीने को दिए जाएं तो उसे दिल का दौरा पडने की संभावना दो से छह गुना तक बढ़ जाती है।भारतीय खाद्य अपमिश्रण कानून एक किलो में केवल 0.01 मिलीग्राम एचसीएच की अनुमति देता है, जबकि आईसीएमआर की रिपोर्ट में यह 5.7 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम निकला।इसके अलावा वैज्ञानिकों को दूध में आर्सेनिक, कैडमियम और सीसा जैसे खतरनाक अपशिष्ट भी मिले। यह इतने खतरनाक हैं कि इनसे किडनी, दिल और दिमाग तक क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।

बात सिर्फ गाय और भैंस के दूध तक ही सीमित नहीं है। खेती के दौरान भारी मात्रा में कीटनाशकों के प्रयोग से बच्चे के लिए अमृत कहा जाने वाला मां का दूध भी शुद्ध नहीं रह गया है।अमेरिका में हुए एक शोध में अमेरिकी औरत के दूध में कीटनाशकों के साथ-साथ सौ से भी ज्यादा औद्योगिक रसायन पाए गए।इस शोध में तो यहां तक कहा गया कि यदि इस दूध को बोतल में बंद करके बाजार में बेचने की कोशिश की जाए तो, अमेरिकी सरकार इसकी इजाजत नहीं देगी।पर, अनेक नुकसानदेह रसायनों के बावजूद मां का दूध बच्चे के पोषण के लिए बहुत जरूरी है। यह नवजात शिशु को अनेक बीमारियों से लडने की ताकत प्रदान करता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष करीब दो लाख लोग कीटनाशकों को खाकर काल के गाल में समा जाते हैं। यह संख्या छिले दस-12 सालों में लगभग सात गुनी हो गई है।संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर साल करीब 30 लाख लोग इन जहरों की चपेट में आते हैं और खास बात है कि इनमें से ज्यादातर बच्चे होते हैं।कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से पैदा हुई इन स्थितियों को देखते हुए अनेक देशों ने तो इनका प्रयोग लगभग बंद ही कर दिया है और वे प्राकृतिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग करने लगे हैं।

पर, भारत अभी पश्चिम की कदमताल कर रहा है। जिस तकनीक को वे उपयोग कर उसके बुरे प्रभावों को देखकर त्याग चुके हैं, भारतीय उनका अंधानुकरण कर रहे हैं।वे हमारी पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गुणों से परिचित होकर उनका अध्ययन कर गूढ़ रहस्य को समझकर अपने जीवन में उतारने की कोशिश में लगे हैं, वहीं भारतवासी अपनी समृद्ध संपदा को छोड़कर पश्चिमी चकाचैंध के पीछे दीवाने हुए जा रहे हैं।तकनीक को अपनाना, चाहे वह अपने देश की हो या विदेश की, गलत नहीं है, पर उसके अच्छे और बुरे प्रभावों को जाने बिना उसका अंधानुकरण करना सही नहीं कहा जा सकता।

# कैलाश इंदौर के फ़िर बने सिरमौर

//नितिनमोहन शर्मा//

**इंदौर के मामले में एक बार फ़िर ख़ालिस इन्दौरी कैलाश विजयवर्गीय सिरमौर बनकर उभरे। भाजपा नगर व जिला अध्यक्ष का पद आख़िरकार उन्हीं की झोली में आया। वे तब तक डटे व अड़े रहें, जब तक उनके मनोनुकूल निर्णय नही हुआ। न सत्ता उन्हें नजरअंदाज कर सकी और न संगठन। वो घेराबंदी भी काम नही आई, जो विजयवर्गीय को घेरने के लिये बनाई गई थी। मंत्री सहित जिले के 4 विधायक उनके ख़िलाफ़ लामबंद हुए थे। इस लामबंदी को ग्वालियर से लेकर भोपाल तक से बल भी मिल रहा था। कैलाश कैम्प ने अपने ख़िलाफ़ इंदौर से ग्वालियर व भोपाल से दिल्ली तक बनी व्यूहरचना से न सिर्फ़ पार पाया बल्कि उसे ध्वस्त भी कर दिया।**

एक बार फ़िर विजयवर्गीय का सरकार व संगठन में दबदबा नज़र आया। आख़री तक इंदौर का फैसला नही हो पाया। न कोई हिम्मत दिखा पाया कि विजयवर्गीय को परे रख घोषणा की जाए। पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्ष घोषित होने तक भी इंदौर की घोषणा का रुका रहना ही साबित कर गया कि फ़िलहाल तो इंदौर के मामले में विजयवर्गीय को नजरअंदाज नही किया जा सकता। जिले व नगर के फैसले में उन्हें एक बार फिर मालवा अंचल का क्षत्रप साबित किया।

नगर व ज़िले के कप्तान के मामले में भाजपा में इस बार जो हुआ, वैसा कभी नही हुआ। सब कुछ कांच की तरह साफ होने के बाद भी इंदौर की राह रोक ली गई। रायशुमारी को एक तरफ सरका दिया गया और नए नए समीकरण गढ़े गए ताकि अध्यक्ष कैलाश कैम्प से हटकर हो। इस काम में कांग्रेस की गुट बनाने वाली बीमारी भी पाल ली गई। जिले के 4 विधायक व एक मंत्री महोदय एकजुट भी हुए। इस कथित गुट को प्रदेश से जुड़े एक केंद्रीय मंत्री की मदद भी मुहैया हुई।

घर बैठी वयोवृद्ध नेता को भी उकसाकर खड़ा किया गया। उन्होंने भी वीटो लगाया लेक़िन वे सतर्क भी बनी रहीं। सीएम के सपोर्ट का शोर भी मचाया गया। लेक़िन उन्ही सीएम साहब ने इंदौर के मामले में आखिर में तटस्थता अख्तियार कर ली और गुटबाजी का दम निकल गया। परिणाम सामने हैं। नगर में रायशुमारी को ही अहमियत मिली और ज़िले में किसी के हित स्थापित नही हो पाए। जबकि नगर पर दबाव बनाकर ज़िले में हुकूमत की बिछात मजबूती से बिछाई गई थी।

विफ़ल हुए कैलाश को कमज़ोर करने प्रयास

पूरे मामले में विजयवर्गीय को इंदौर में कमजोर साबित करने के प्रयास बहुतेरे हुए। सत्ता से ज्यादा सँगठन ने इसमे रुचि दिखाई लेक़िन कैलाश केम्प ने सबसे पार पा लिया। शहर में तो उनका तीन इक्का तुवर ब्रांड नाम ही सामने आया। ज़िले में भी उन्होंने मास्टर स्ट्रोक खेल विरोधियों को चौका दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष की निरंतरता के लिए वे अड़े रहें। लिहाज़ा विरोधी कैम्प नए नाम के साथ सामने आता रहा लेक़िन इस कैम्प को भी भरोसा न था कि कैलाश कैम्प अपने पुराने दिवंगत मित्र नंदू भैय्या की खोज पर हाथ रख देगा। विजयवर्गीय की घेराबंदी ही इसलिए हो रही थी कि उन्हें जिले व शहर में से किसी एक पद तक सीमित किया जाए। शहर पर दबाव बनाकर ज़िले की कमान अपने हाथ मे लेने के विजयवर्गीय विरोधी केम्प के मंसूबे परवान नही चढ़ पाए। ज़िले के मुखिया के रूप में ऐसा नेता सामने आ गया, जो रबर स्टाम्प नही, संगठनजीवी हैं। विजयवर्गीय ने इसी नाम की पैरवी 2023 विधानसभा चुनाव में भी बड़े गांव के लिए की थी। अब वो ही नाम जिले की कमान संभालेगा।

### ... दयालु भी साबित हुए चाणक्य

इस पूरे मामले में दयालु भी चाणक्य साबित हुए। मोन रहक़र वे, वह काम कर गुजरे जिसकी किसी को कल्पना नही थी। शुरुआत उन्होंने रायशुमारी से की और बाद में अपने साथ अन्य विधायकों को जोड़ कैलाश कैम्प की राह आसान कर दी। उन्होंने अपने प्रिय नाम को पहले हर विधानसभा से रायशुमारी में स्थान दिलाया और वह भी ऐसा कि पूरे शहर की 80 फीसदी भाजपा दयालु के नाम के साथ खड़ी नजर आई। ये रणनीति ही अंतिम विजय तक कारगर रही। न सत्ता न संगठन रायशुमारी की मजबूती को नकार सका। सरकार के मुखिया की तटस्थता के पीछे दयालु की ही रणनीति रहीं। वे स्वयम दो दो बार सीएम से मिलें। बीच शहर के युवा विधायक का साथ सोने पर सुहागा साबित हुआ। परिणाम में सालों बाद दीनदयाल भवन में रमेश युग लौट आया। शहर के नूतन कप्तान से दयालु का रिश्ता जगजाहिर हैं और उस रिश्ते के लिए इस बार दादा ने हर चौखट पर दयालु बनकर दस्तक दी। ये उन्ही की मनुहार का असर है कि पार्टी में उनके केम्प के विरोधी हार गए और एक बार फ़िर दयालु के भाईसाहब इंदौर में सिरमौर बनकर उभरे।

## ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ

भारतीय राजनीति में संभवतः पहली बार मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने अपने उद्धेश्य की पूर्ति हेतु मानव मनोविज्ञान का सहारा लिया है, मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिसके चुनावी घोषणा-पत्र में प्रदेश में पूर्णतः शराबबंदी का उल्लेख था, अब वर्तमान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के डेढ़ दर्जन धार्मिक नगरों में एक अप्रैल से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की है, यद्यपि इस कदम से सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचेगी, किंतु सत्तारूढ़ दल को इससे राजनीतिक लाभ अवश्य पहुंचेगा। सरकार के इस फैसले को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की दिशा में ठोंस कदम माना जा रहा है।एक अप्रैल से जिन नगरों में शराबबंदी होगी वे धार्मिक शहर उज्जैन, मण्डला, मुलताई, मंदसौर, मैहर, दतिया, अमरकंटक, औंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, औरछा, चित्रकुट, सलकनपुर, कुण्डलपुर, बरमानकला, लिंगा बरमान खुर्द और बांदकपुर है, इन नगरों में शराबबंदी से राज्य सरकार को करीब पांच सौ करोड़ की राजस्व आय कम हो जाएगी।अब तक नर्मदा तट के बीस जिलों में पांच किलोमीटर' क्षेत्र में शराबबंदी लागू थी और उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगरों में मुख्य धार्मिक स्थानों से 100-200 मीटर दायरें में पाबंदी थी।सरकार के इस कदम को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की राह का पहला कदम बताया जा रहा है।

स्वयं मुख्यमंत्री ने इसे नीतिगत फैसला बताया, प्रदेश के इन उन्नीस नगरों में एक भी शराब की दुकान नही रहेगी, सभी मौजूदा दूकानें हमेशा के लिए बंद हो जाएगीभाजपा का दावा है कि कांग्रेस की सरकारें ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नही कर पाई, क्योंकि इसमें सरकार के आर्थिक स्त्रोत में कमी आने वाली है,यदि पूरे राज्य में पूर्णत- शराबबंदी की जाती है तो सरकार को करीब तीन हजार करोड़ की आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी,इस हानि के बारे में सरकार का कथन है कि इस हानि की क्षतिपूर्ति अन्य श्रोतों से पूरी कर ली जाएगी। लेकिन यह मध्यप्रदेश का पहला अन्य राज्यों के लिए सार्थक अनुकरणीय कदम होगा।इस कदम की घोषणा करते हुए सरकार ने यह भी कहा है कि यह फैसला सिर्फ शराबबंदी की दूकानों के लिए लिया गया है,प्रदेश के नागरिकों पर शराबबंदी थोपनें के लिए नहीं, वे अपने घरों में बैठकर शराब का सेवन कर सकते है, पर यहां मुख्य सवाल यह है कि प्रदेश में शराब की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित हो जाएगी तो इसके शौकिन लोग अपना शौक कहां से पूरा कर पाएगें।मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार का लक्ष्य आगामी एक दशक में पूरे राज्य में पूर्णत- शराबबंदी का है, लेकिन साथ ही इस लक्ष्य को लेकर कई संशय भी व्यक्त किए जा रहे है।इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री का राज्य गुजरात है, जहां पिछले कई वर्षों से पूर्ण शराबबंदी लागू है, किंतु वहां पान की दूकानों तक शराब की बिक्री होना बताया जा रहा है, ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ है।यदि मध्यप्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करनी है तो फिर सरकार को सी इस मामले में ईमानदारी पूर्ण सख्ती अपनानी होगी, क्योंकि प्रदेश के मानव जीवन की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम में लापरवाही नही होनी चाहिए। किंतु यह एक साहसपूर्ण ठोंस फैसला अवश्य होगा जो सत्तारूढ़ दल के लिए राजनीतिक दृष्टि से फायदेमंद सिद्ध होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में।



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी।



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में।



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर पवित्र डुबकी लगाते हुए।



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर अनुष्ठान करते हुए।



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में अक्षयवट मंदिर का दौरा किया।

# ट्रंप संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद तोड़ देंगे सभी संबंध, फलस्तीनी राहत एजेंसी फंडिंग भी रोकेंगे



**वाशिंगटन, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसी उम्मीद है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के साथ अमेरिकी जुड़ाव को रोक देंगे। साथ ही संयुक्त राष्ट्र फलस्तीनी राहत एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए फंडिंग पर रोक जारी रखेंगे।संयुक्त राष्ट्र और यूएनआरडब्ल्यूए ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से यूएनआरडब्ल्यूए के आलोचक रहे हैं।

उन्होंने एजेंसी पर इजरायल विरोधी उकसावे और उसके कर्मचारियों पर आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है।ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने यूएनआरडब्ल्यूए के लिए फंडिंग में भी कटौती की थी। साथ ही 47-सदस्यीय मानवाधिकार परिषद को तीन साल के कार्यकाल के बीच में ही छोड़ दिया था। मानवाधिकार परिषद का एक कार्य समूह अगस्त में अमेरिकी मानवाधिकार रिकॉर्ड की समीक्षा करने वाला है। इस प्रक्रिया से सभी देश हर कुछ वर्षों में गुजरते हैं। परिषद के पास कोई कानूनी रूप से बाध्यकारी शक्ति नहीं है, लेकिन इसकी बहसें राजनीतिक महत्व रखती हैं और आलोचना सरकारों पर वैश्विक दबाव बढ़ा सकती है। 20 जनवरी को दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने के बाद से ट्रंप ने आदेश दिया है कि अमेरिका विश्व स्वास्थ्य संगठन और पेरिस जलवायु समझौते से हट जाए। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह चाहते हैं कि यूक्रेन रूस के खिलाफ देश के युद्ध प्रयासों को वित्तीय रूप से समर्थन देने के लिए भुगतान के रूप में अमेरिका को रेयर अर्थ मिनरल्स की आपूर्ति करे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि यूक्रेन इच्छुक है। हम यूक्रेन को बता रहे हैं कि उनके पास बहुत मूल्यवान रेयर अर्थ मिनरल्स है। हम यूक्रेन के साथ समझौता करने पर विचार कर रहे हैं। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि ट्रंप इस शब्द का उपयोग सभी प्रकार के महत्वपूर्ण खनिजों के लिए कर रहे हैं या केवल दुर्लभ खनिजों के लिए। रेयर अर्थ मिनरल्स 17 धातुओं का एक समूह है जिसका उपयोग चुंबक बनाने के लिए किया जाता है। साथ ही इसके कई अन्य उपयोग हैं। इसका कोई ज्ञात विकल्प नहीं है।

## बंगाल में महिला ने पति को किडनी बेचने को किया मजबूर, फिर पैसे ले प्रेमी संग हुई फरार

**कोलकाता 5 फरवरी।** बंगाल के हावड़ा जिले में एक महिला ने अपनी बेटी की शिक्षा के लिए रुपये जुटाने के वास्ते पहले पति को 10 लाख रुपये में किडनी बेचने को मजबूर किया, फिर पूरा नकद पैसा लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। सांकराइल के धूलागढ़ी हाटतला के रहने वाले पिंटू ने अपनी पत्नी सुपर्णा बेज के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कार्पस) याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।दरअसल पुलिस को उसकी पत्नी को ढूंढने और अदालत में लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी क्योंकि युवक ने बंदी प्रत्यक्षीकरण मामला दायर किया था। लेकिन पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, सुपर्णा ने पहले ही जांचकर्ताओं को लिखित रूप से सूचित कर दिया था कि वह स्वेच्छा से घर छोड़कर गई थी। उसका प्रेमी और वह अब पति-पत्नी के रूप में रह रहे हैं। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा राय की खंडपीठ ने बंदी प्रत्यक्षीकरण मामले को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि महिला का पता चल गया है ।

## मेक्सिको के बाद कनाडा को 30 दिन की मोहलत, चीन ने अमेरिका पर लगाया जवाबी टैरिफ, बढ़ेगा कोल्ड वॉर

**वाशिंगटन, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

चीन से आयात पर 10 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ मंगलवार से लागू हो गए जिससे दुनिया की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के बीच नए ट्रेड वार का खतरा पैदा हो गया है क्योंकि चीन ने भी मंगलवार को अमेरिकी आयात पर 10 से 15 प्रतिशत तक जवाबी टैरिफ लगा दिए। चीन ने गूगल के विरुद्ध एंटी ट्रस्ट जांच की घोषणा की है और दो अन्य अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय कंपनियों की सूची में रख दिया है जो उन्हें चीन में निवेश करने से रोक सकती है।वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को मेक्सिको के बाद कनाडा के विरुद्ध भी अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश पर 30 दिनों के लिए रोक लगा दी। बदले में दोनों पड़ोसी देश सीमाओं पर चौकसी बढ़ाएंगे और ड्रग्स व घुसपैठियों के प्रवेश पर रोक लगाएंगे।व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप का इस हफ्ते के आखिर तक चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से बातचीत का कार्यक्रम नहीं है। ट्रंप ने 2018 में अपने पहले कार्यकाल में काफी अधिक अमेरिकी व्यापार आधिक्य की वजह से चीन के साथ दो वर्षों तक काफी तीखा ट्रेड वार शुरू किया था।चीनी सीमा शुल्क विभाग के पिछले महीने जारी आंकड़ों के अनुसार, इसे खत्म करने के लिए चीन ने 2020 में अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त 200 अरब डॉलर खर्च करने पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन यह योजना कोविड महामारी की वजह से पटरी से उतर गई थी। इस बीच ट्रंप ने चेतावनी दी है कि वह चीन पर टैरिफ को और बढ़ा सकते हैं जब तक कि वह अमेरिका में फेंटानाइल (सिंथेटिक ड्रग्स) के प्रवाह पर रोक नहीं लगाता। हालांकि चीन ने फेंटानाइल को अमेरिका की समस्या बताया है। इससे पहले ट्रंप ने सोमवार को मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबम और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से बात की। दोनों ने अमेरिका में घुसपैठ व ड्रग्स की तस्करी पर अंकुश लगाने की ट्रंप की मांग पर सीमा पर चौकसी बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

## रैगिंग रोकने में विफल रहे 18 मेडिकल कॉलेज, यूजीसी ने सभी की जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** रैगिंग रोकने को लेकर देश में कड़े कानून होने के बाद भी उत्तर प्रदेश और बिहार सहित दस राज्यों के 18 मेडिकल कॉलेज इसे रोकने में विफल रहे हैं। इन मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग के मामले सामने आने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नाराजगी व्यक्त की है।आयोग ने रैगिंग रोकने में विफल रहने वाले इन 18 मेडिकल कॉलेजों की न सिर्फ सूची जारी की है, बल्कि इन संस्थानों से पूछा है कि वे बताएं कि आखिर क्यों उनके यहां रैगिंग नहीं रुक पाई।यूजीसी ने देशभर के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र लिखकर कहा है कि वे अपने संस्थानों में रैगिंग रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करें और उन्हें इससे अवगत भी कराएं।

## स्वीडन के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग, दस लोगों की मौत, हमलावर ढेर



**स्वीडन, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

स्वीडन में मंगलवार को एक वयस्क शिक्षा केंद्र में एक शख्स ने हमला बोल दिया। स्वीडिश पुलिस ने कहा शिक्षा केंद्र में गोलीबारी के दौरान बंदूकधारी सहित लगभग 10 लोग मारे गए। स्वीडिश समाचार एजेंसी टीटी ने कहा कि हमलावर ने खुदकुशी कर ली। हालांकि, पुलिस ने खबर की पुष्टि नहीं की है। यह वयस्क शिक्षा केंद्र स्टाकहोम से करीब 200 किलोमीटर दूर आरेब्रो शहर में स्थित है। हिंसा में किसी अधिकारी को गोली नहीं लगी है। हालांकि, घायलों की स्थिति के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई।कैंपस रिसबर्गस्का नामक स्कूल 20 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों को सेवा प्रदान करता है। शिक्षिका लीना वारेनमार्क ने बताया कि मंगलवार दोपहर परिसर में काफी कम छात्र मौजूद थे, क्योंकि परीक्षा के बाद कई छात्र घर चले गए थे। उन्होंने 10 गोलियों की आवाजें सुनीं।घटनास्थल के वीडियो में मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और आपात वाहन खड़े थे। गोलीबारी के बाद समीप स्थित इमारतों में रह रहे विद्यार्थी और शिक्षा केंद्र के अन्य हिस्सों में मौजूद लोगों को बाहर निकाला। न्याय मंत्री गुन्नार स्ट्रोमर ने कहा कि आरेब्रो में हिंसा की खबरें बेहद गंभीर हैं।

## आंध्र प्रदेश की एक कंपनी से लीक हुई जहरीली गैस, आठ मजदूर आए चपेट में, अस्पताल में भर्ती

**नक्कापल्ली 5 फरवरी।** आंध्र प्रदेश के नक्कापल्ली इलाके में स्थित हेट्रो फार्मा लिमिटेड कंपनी से गैस रिसाव की सूचना मिली। इस गैस रिवास में कई मजदूर चपेट में आ गए। आठ मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से 4 को छुट्टी दे दी गई है। जिला कलेक्टर विजया कृष्णन ने बताया कि चार मजदूरों की भी हालत स्थिर है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं।

## इंदौर के दो स्कूलों को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी, ई-मेल के बाद मचा हड़कंप

**इंदौर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



बम धमाके की धमकी की एक ई-मेल ने मंगलवार सुबह इंदौर के दो स्कूलों में हड़कंप मचा दिया। ई-मेल में दोनों स्कूलों के परिसरों को आरडीएक्स से उड़ाने की बात लिखी गई थी।मेल मिलते ही दोनों स्कूलों के प्रबंधन ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचना देने के साथ चार हजार विद्यार्थियों को उनके घर रवाना कर स्कूल खाली करा लिए। दोनों स्कूलों में घंटों तक डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दल द्वारा जांच की गई।मामला शहर के राजेंद्र नगर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल (आईपीएस) और खंडवा रोड स्थित न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल (एनडीपीएस) का है। स्कूल प्रबंधन ने तब राहत की सांस ली, जब सुरक्षा एजेंसियों ने बम नहीं होने की पुष्टि की। पुलिस ने दो प्रकरण दर्ज किए हैं।साइबर एक्सपर्ट की सहायता से ई-मेल की जांच चल रही है। मंगलवार अलसुबह 5.57 बजे कुदनकुलम जगन नाम से ई-मेल दोनों स्कूलों के प्राचार्यों की मेल पर पहुंची। इसमें लिखा था कि स्कूलों में दोपहर 1.45 बजे से पहले मानव आरडीएक्स ब्लास्ट होगा, इसलिए सभी छात्रों को स्कूल से बाहर निकाल लें।इसके बाद तमिल भाषा में संदेश लिखा हुआ था। इस ई-मेल में तमिलनाडु लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) और इसके नेता एस. मारन का जिक्र भी किया गया था। दोनों स्कूलों के प्रबंधन ने यह मेल सुबह नौ से 10 बजे के बीच देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## अमरकंटक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की हृदयगति रुकने से मौत, राष्ट्रीय सम्मेलन के कार्यक्रम में हुआ हादसा



**कानपुर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के प्रो. विष्णु नारायण मिश्र की मंगलवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। वह अमरकंटक विश्वविद्यालय कुलपति के प्रतिनिधि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए हैं और अयोध्या के निवासी हैं। उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है। सीएसजेएमयू में आयोजित सतत शहरी विकास के लिए नवाचारी एआई समाधान पर केंद्रित राष्ट्रीय सम्मेलन के दो दिवसीय कार्यक्रम में वह शामिल रहे हैं। मंगलवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन उन्होंने समापन समारोह से पहले अपने अनुभव भी सभी से साझा किए।

अमरकंटक विश्वविद्यालय में वह गणित विभाग के अध्यक्ष हैं और कुलपति के ओएसडी की हैसियत से यहां आए थे। हादसा तब हुआ जब सम्मेलन का समापन समारोह चल रहा था। वह सामने की पंक्ति में बैठे थे। अचानक तबीयत बिगड़ी तो पड़ोस में बैठी महिला ने चीखकर सभी को बताया।

तुरंत उन्हें सीपीआर देने की कोशिश की गई। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने एंबुलेंस मंगवाई और लक्ष्मीपति सिंहानिया हृदय रोग संस्थान ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों और सम्मेलन के आयोजकों की ओर से उनके परिवार को हादसे की सूचना दी गई है। वह अयोध्या की अवधपुरी कॉलोनी बेनीगंज के निवासी हैं। उनके पिता वेद प्रकाश मिश्र हैं और भाई लक्ष्मी नारायण मिश्र तमिलनाडु के वेल्लोर इंजीनियरिंग संस्थान में शिक्षक हैं।

## समंदर में दुश्मन का हर वार होगा नाकाम, भारत रूस से खरीदेगा एंट्री क्रूज मिसाइलें, समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को रूस के साथ एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों की खरीद के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह कदम भारतीय नौसेना के पनडुब्बी बेड़े की लड़ाकू क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा।रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में अनुबंध पर हस्ताक्षर की घोषणा की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। पोस्ट में कहा गया, रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों की खरीद के लिए रूस के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ये मिसाइलें भारतीय नौसेना के पनडुब्बी बेड़े की लड़ाकू क्षमताओं को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएंगी।

## हरियाणा में बनेंगे नए जिले और तहसील, कैबिनेट को मिले 27 प्रस्ताव, पानीपत से जुड़ेंगे सोनीपत के गांव




**चंडीगढ़, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

हरियाणा सरकार की कैबिनेट सब-कमेटी के पास नये जिलों, तहसील और उप तहसील बनाने के संबंध में अब तक 27 प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। नये जिलों के गठन पर अभी कमेटी ने विचार नहीं किया है। इनमें कई प्रस्ताव आधे-अधूरे और नियमों के विपरीत हैं। कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपायुक्तों को गांवों के नाम बदलने, उप तहसील, नई तहसील, उपमंडल व जिले बनवाने के संबंध में लंबित प्रस्तावों की रिपोर्ट जल्दी मंगवाई जाए।

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक के बाद चंडीगढ़ में हुई कैबिनेट सब कमेटी की बैठक में नये जिले, तहसील और सब तहसीलों के गठन के संबंध में अभी तक प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।कैबिनेट सब कमेटी ने सिरसा के गांव रंगा, लहंगेवाला, मत्तड़ और अलीकां को कालांवाली तहसील से निकालकर सिरसा तहसील में शामिल करने की सिफारिश की। सोनीपत के गांव ज्वारा को गोहाना से निकालकर जिला पानीपत में जोड़ने की सिफारिश भी की गई है। अंतिम मंजूरी के लिए इन प्रस्तावों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में सदस्य के रूप में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे, जबकि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा बैठक में शामिल नहीं हो पाए।बैठक में बताया गया कि पहले प्राप्त गत बैठक में अनुशंसा प्रदान किए गए चार प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा जा चुका है।

बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव कमलेश भादू शामिल हुए।इसी के साथ मंगलवार को आयोजित कैबिनेट मीटिंग में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा वन्यजीव संरक्षण विधेयक 2024 को मंजूरी दे दी गई है। नुकसान की भरपाई के लिए आढ़तियों को 3 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।रबी सीजन 2024-25 में नमी के कारण, हमने ग्राम सामान्य भूमि विनियमन अधिनियम 1961 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही नायब सैनी ने मुख्यमंत्री विलेज कॉमन लैंड एक्ट 1961 के संशोधन को मंजूरी है।

## बेटी का चेहरा देखने को पत्नी से गिड़गिड़ाता रहा पति, दे दी जान, इंश्योरेंस कंपनी के सेल्स मैनेजर ने की आत्महत्या

**कानपुर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



एक पति पत्नी को घर बुलाने को फोन करता रहा। वीडियो कॉल कर बेटी का चेहरा देखने के लिए वीडियो कॉल कर गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन पत्नी ने एक न सुनी और उसे फटकार दिया। इससे आहत होकर पति ने मंगलवार रात आत्महत्या कर ली। घटना नई सड़क के चौबे गोला में हुई। मूलगंज थाना पुलिस ने जांच कर दिवंगत का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर जांच शुरू की।चौबे गोला निवासी 33 वर्षीय यश शुक्ला इंश्योरेंस कंपनी में सेल्स मैनेजर थे। उनकी शादी 20 नवंबर 2020 में लालबंगला निवासी रंजना उर्फ आकांक्षा से हुई थी, जिनसे ढाई साल की बेटी है। चचेरे भाई अनुपम शुक्ला ने बताया कि एक माह पहले रंजना और यश के बीच पारिवारिक विवाद हुआ और रंजना अपनी बेटी को लेकर मायके चली गई थीं। 19 जनवरी को ममेरी बहन की शादी थी। आरोप है कि यश ने रंजना को जेवर पहनकर शादी में आने को कहा तो वह भड़क गई और शादी में नहीं आई। एक सप्ताह से बेटी से बात करने व चेहरा देखने के लिए यश रंजना को कई-कई बार फोन करता। उसे वाट्सएप पर मैसेज करता, लेकिन वह बात नहीं कराती थी। सोमवार देर शाम यश वीडियो कॉल कर बेटी का चेहरा देखने के लिए गिड़गिड़ाया, लेकिन रंजना ने एक न सुनी और फटकार दिया।

इससे आहत होकर यश ने फंदा लगा जान दे दी। मां उमा ड्यूटी कर घर पहुंची तो बेटे का शव देख चीख पड़ी। आरोप है कि रंजना पति की मौत के बाद भी रात में घर न आकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गई, लेकिन अंतिम संस्कार के बाद अपने मायके लौट गई थी। थाना प्रभारी रिकेश कुमार ने बताया कि अब तक कोई तहरीर नहीं आई है। मामले की जांच की जाएगी।गणेश नगर में शादी की वर्षगांठ पर शराब पीकर आने से टोंकने पर हुए विवाद पर पति ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

रावतपुर थाना पुलिस ने जांच की।गणेश नगर निवासी 36 वर्षीय मयंक गुप्ता निजी विद्यालय के बस चालक थे। परिवार में पत्नी रश्मि व दो बेटी झील व मीठी हैं। रश्मि ने बताया कि सोमवार को उनकी शादी की वर्षगांठ थी। शाम को वह पति व बच्चों के साथ बाहर घूमने जाने की तैयारी कर रही थीं, लेकिन देर शाम पति शराब के नशे में घर पहुंच गए। उन्होंने टोंका तो नाराज हो गए। दोनों के बीच कहासुनी हुई।

## भारत को बांग्लादेश से सीमा पार अपराधों पर अंकुश की उम्मीद, केंद्र सरकार बोली- उठाएंगे सख्त कदम

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश को स्पष्ट कर दिया है कि वह पड़ोसी देश से सीमा-पार अपराधों के खात्मे के लिए समुचित कदम उठाएगा। केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया कि बांग्लादेश से लगी लगभग 864.482 किलोमीटर की सीमा पर अभी भी बाड़ लगाई जानी बाकी है और इसमें 174.514 किलोमीटर की गैर-व्यवहार्य खाई भी शामिल है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगानेके बारे में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद सजदा अहमद द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री (एमओएस) नित्यानंद राय ने मंगलवार को बताया कि भारत दोनों सरकारों और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बार्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच सभी प्रोटोकाल और समझौतों का पालन करता है। राय ने अपने लिखित उत्तर में कहा, भारत सरकार की उम्मीद है कि बांग्लादेश द्वारा सभी पूर्व समझौतों को लागू किया जाएगा और सीमा पार अपराधों से निपटने के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।

## उत्तराखंड में अगले वित्तीय वर्ष से लागू हो सकते हैं नए सर्किल रेट, वित्त विभाग कैबिनेट में रखेगा प्रस्ताव



**देहरादून, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रदेश में नए सर्किल रेट आगामी एक अप्रैल से शुरु हो रहे नए वित्तीय वर्ष से लागू हो सकते हैं। नए सर्किल रेट के निर्धारण को लेकर अभी जिलों से पूरी तैयारी के साथ प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। यद्यपि, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए सरकार इस संबंध में निर्णय लेने से पहले सतर्कता भी बरत रही है। प्रदेश में नए सर्किल रेट निर्धारित करने की प्रक्रिया गत वर्ष से चल रही है। नगर निकाय चुनाव होने के कारण यह प्रक्रिया बाधित हुई। उत्तराखंड स्टांप (संपत्ति मूल्यांकन) नियमावली, 2015 के अनुसार सर्किल रेट प्रति वर्ष बढ़ाए जाने हैं। जिलों से सर्किल रेट बढ़ाने के संबंध में प्रस्ताव स्टांप एवं निबंधन विभाग को भेजे गए थे। स्टांप एवं निबंधन महानिरीक्षक के स्तर पर इन सर्किल रेट का परीक्षण किया गया। उनके स्तर पर कई बैठकें हो चुकी हैं। शासन की ओर से भी जिलों के प्रस्तावों में कमियां पाई गई थीं। इन्हें दूर करने का कार्य अभी चल रहा है। सरकार ने वर्ष 2023 में सर्किल रेट बढ़ाए थे। तीन वर्षों की औसत वृद्धि का आकलन करते हुए सर्किल रेट में औसतन 33.6 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी।

नए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग, केंद्र व राज्य की बड़ी परियोजना से जुड़े स्थल, तेजी से विकसित हो रहीं नई आवासीय कालोनी सरकार के निशाने पर हैं। इन क्षेत्रों में सर्किल रेट बढ़ने लगभग तय हैं। सर्किल रेट में औसत वृद्धि 15 से 25 प्रतिशत तक हो सकती है। कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। अभी प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारी में जुटी है। इस माह के दूसरे पखवाड़े में बजट सत्र प्रस्तावित है।बताया जा रहा है कि सर्किल रेट बढ़ाने के संबंध में सोच-समझकर ही कदम आगे बढ़ाया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति यानी 31 मार्च तक नए सर्किल रेट लागू होने के आसार कम हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते इसमें विलंब भी हो सकता है। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि प्रदेश में सर्किल रेट में वृद्धि प्रस्तावित है। इस संबंध में जिलों से मिले प्रस्तावों में जो कमियां पाई गईं, उन्हें दूर किया जा रहा है। नए सर्किल रेट बढ़ाने के संबंध में निर्णय सरकार लेगी। इस संबंध में प्रस्ताव अगले माह कैबिनेट में रखा जा सकता है।

# अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करें त्रिकोणासन जानिए इसका अभ्यास और अन्य जरूरी बातें

त्रिकोणासन योग का एक अहम आसन है, जो शरीर की स्थिरता और संतुलन को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

यह आसन न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

इस लेख में हम त्रिकोणासन के विभिन्न रूपों पर चर्चा करेंगे, जो शरीर की स्थिरता को और भी मजबूत बना सकते हैं। इन रूपों को अपनाकर आप अपने योग अभ्यास को और प्रभावी बना सकते हैं।

त्रिकोणासन करने का तरीका

सबसे पहले सीधे खड़े होकर पैरों को 3-4 फीट की दूरी पर फैलाएं, फिर दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर घुमाएं।

बाहों को कंधे के स्तर पर उठाएं, हथेलियां नीचे की ओर रखें। धीरे-धीरे दाहिनी ओर झुकें, दाहिने हाथ से जमीन या टखने को छूने का प्रयास करें, जबकि बायां हाथ सीधा ऊपर रहे।

सिर बाईं तरफ घुमाकर ऊपर देखें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें और फिर सामान्य हो आएं।

नियमित त्रिकोणासन करने से मिलने वाले फायदे

त्रिकोणासन नियमित रूप से करने से शरीर में लचीलापन आता है और मांसपेशियों का तनाव कम होता है।

यह आसन रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, जिससे पीठ दर्द में राहत मिलती है।

इसके अलावा यह पेट के अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर होता है।

मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए भी यह आसन उपयोगी माना जाता है क्योंकि इससे ध्यान केंद्रित होता है और तनाव कम होता है।

त्रिकोणासन करते समय सावधानियां बरतें

त्रिकोणासन करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि किसी प्रकार की चोट या परेशानी न हो।

अगर आपको गर्दन या पीठ में कोई समस्या हो तो इस आसन को करते समय विशेष सावधानी बरतें या विशेषज्ञ से सलाह लें।

गर्भवती महिलाओं या हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को इसे करने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।

हमेशा सुनिश्चित करें कि आपके पैर सही तरीके से



स्थित हों ताकि संतुलन बना रहे।

अन्य योगासनों के साथ त्रिकोणासन आजमाएं

त्रिकोणासन का अभ्यास अन्य योगासनों जैसे वीरभद्रासन या पर्वतासन के साथ किया जा सकता है ताकि शरीर का संतुलन बेहतर हो सके और लचीलापन बढ़े।

इन आसनों का संयोजन आपके योग सत्र को अधिक प्रभावशाली बनाता है क्योंकि ये सभी मिलकर पूरे शरीर पर काम करते हैं, जिससे मांसपेशियों में मजबूती आती हैं और मानसिक शांति प्राप्त होती हैं।

इस प्रकार त्रिकोणासन एक बहुपयोगी आसन साबित हो सकता है।

## द दिल्ली फाइल्स का टीजर आउट, मिथुन चक्रवर्ती ने अपने हैरतअंगेज अवतार से उड़ाए होश



निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर' का टीजर जारी कर दिया है। बंगाल त्रासदी पर बनी फिल्म के टीजर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अग्निहोत्री ने इसे संविधान का सम्मान बताया। सोशल मीडिया पर सक्रिय विवेक रंजन अग्निहोत्री ने 'द दिल्ली फाइल्स' के टीजर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, प्रस्तुत है 'द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर' के निर्माताओं की ओर से भारत के संविधान को सम्मान। इस स्वतंत्रता दिवस पर एक महाकाव्य अनकही कहानी का गवाह बनें। दुनिया भर में रिलीज होगी। विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में तैयार 'द दिल्ली फाइल्स: बंगाल चैप्टर' के दो मिनट 21 सेकंड के टीजर वीडियो में मिथुन चक्रवर्ती अपनी जली हुई जीभ से संवाद सुनाते दिखाई दिए। संवेदनशील मुद्दे पर बनी 'द दिल्ली फाइल्स' में दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक दमदार है। बंगाल की त्रासदी और हिंदू नरसंहार पर बनी फिल्म के टीजर में अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक खाली गलियारे में धीरे-धीरे चलते और जली हुई जीभ से भारत के संविधान को सुनाते नजर आए। मिथुन सफेद दाढ़ी और कांपती आवाज के साथ संविधान का पाठ करते दिखे। 'द दिल्ली फाइल्स' भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय को बड़े पैमाने पर जीवंत करती है। यह बंगाल की मार्मिक त्रासदी की पड़ताल करती है, जो भारत के अतीत के एक ऐसे हिस्से को उजागर करती है, जिसे लोग ज्यादा नहीं जानते।

# महिलाओं के बीच फिर से प्रचिलित हो रही है स्किनी जींस, जानिए स्टाइल करने के तरीके

**पिछले कुछ सालों से महिलाओं के बीच वाइड लेग जींस और बेल बॉटम जैसी पैंट का चलन है। इस दौरान महिलाएं स्किनी जींस पहनना नहीं पसंद करती थीं और यह परिधान फैशन से बाहर हो गया था। हालांकि, इस साल यह परिधान एक बार फिर चलन में आ रहा है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको स्किनी जींस स्टाइल करने के 4 तरीके बताएंगे, जिन्हें आजमाकर आप बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश लगेंगी।**



ब्लेजर और बूट के साथ पहनें

इस साल महिलाएं एक औपचारिक लुक पाने के लिए स्किनी जींस का चुनाव कर सकती हैं। इस परिधान को स्टाइल करने के लिए सबसे पहले एक हाई नेक टॉप या स्वेटर पहनें। अब इसके ऊपर एक अच्छी फिटिंग वाला ब्लेजर लेयर करें और पैरों में बूट पहनें। आपको ऐसे बूट चुनने चाहिए, जो लंबे हों और जिनमें पेंसिल हील लगी हों। अपनी जींस को बूट के अंदर टक करें और बालों में स्लीक पोनी बना लें।

ढीली शर्ट के साथ स्टाइल करें

अगर आप दिन के समय घूमने जा रही हैं तो आप स्किनी जींस के साथ शर्ट पहन सकती हैं। आप सफेद, हरे, गुलाबी, काले जैसे पसंदीदा रंग की शर्ट चुन सकती हैं। शर्ट को पूरी तरह जींस में टक करें या आधे हिस्से को टक करके आधा बाहर ही रहने दें। इसके साथ हील वाली सैंडल पहनें और एक सुंदर-सा स्लिंग बैग स्टाइल करें।

इस लुक के साथ आप बालों को खुला रख सकती हैं या जूड़ा बना सकती हैं।

हॉल्टर नेक टॉप के साथ लगेंगी शानदार

स्किनी जींस के साथ हॉल्टर नेक वाला टॉप भी बेहद शानदार लगता है। हॉल्टर टॉप एक प्रकार का स्लीवलेस टॉप होता है, जिसकी पट्टियां गले के पास बंधी होती हैं। स्किनी जींस के साथ पहनने के लिए ऐसा हॉल्टर टॉप चुनें, जो हल्का क्रॉप हो और जिसकी फिटिंग अच्छी हो।

अपने लुक को पूरा करने के लिए कानों में हूप इयररिंग, आखों में धूप का चश्मा, पैरों में पेंसिल हील सैंडल और कलाई में घड़ी पहनें।

स्वेटर के साथ भी लगेंगी सुंदर

अगर आप अपने लुक को एफर्टलेस रखना चाहती हैं तो स्किनी जींस और स्वेटर का चुनाव करें। हल्का ढीला स्वेटर चुनें और उसके साथ नीले या काले रंग की स्किनी जींस पहनें।

अपने स्वेटर को आगे से जींस में टक करें और पीछे की ओर से बाहर ही रहने दें। ऐसा करने से आप पतली और लंबी नजर आएंगी।

इसके साथ एक सुंदर-सा लॉकेट पहनें, टोट बैग टांगें और स्नीकर्स स्टाइल करें।

## स्टाइलिश साड़ी पहन कनिका मान ने शेयर किया ग्लैमरस लुक



टीवी की खूबसूरत एक्ट्रेस कनिका मान आए दिन अपनी लेटेस्ट स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

कनिका मान टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उनका हर एक अंदाज इंडस्ट्री पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार लूटाते हैं।

लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश रिवीलिंग लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बालों को स्टाइलिश लुक देकर, माथे पर बिंदी और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस कनिका मान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

कनिका मान इन दिनों भले ही किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।



## डेलबर आर्या ने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा जताई

अभिनेत्री डेलबर आर्या, जो पंजाबी फिल्मों और कई बॉलीवुड म्यूजिक वीडियो में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, अब बॉलीवुड के किंग खान, शाहरुख खान के साथ काम करने का सपना देख रही हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी इस इच्छा को जाहिर किया और एक नए प्रोजेक्ट को लेकर संकेत भी दिया।

अपनी बेहतरीन प्रतिभा, कड़ी मेहनत और विश्वास की ताकत से डेलबार आर्या निश्चित रूप से एक उभरती हुई स्टार हैं। डेलबरआर्या ने कहा, मैं हमेशा से शाहरुख खान की प्रशंसा करती आई हूँ, न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि उनकी शानदार जर्नी के लिए भी, जो उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मैं हमेशा से बड़े सपने देखती हूँ और मुझे अपने लक्ष्यों को पाने की शक्ति पर विश्वास है।

शाहरुख खान के साथ काम करना मेरी सबसे बड़ी ख्वाहिशों में से एक है। उनकी पर्सनालिटी, प्रोफेशनलिज्म और लोगों से जुड़ने की क्षमता उन्हें एक ड्रीम को-स्टार बनाती है। मैं सच में उनकी उस मशहूर लाइन पर विश्वास करती हूँ - अगर किसी चीज़ को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने की कोशिश में लग जाती है। और मैं महसूस कर सकती हूँ कि यह जल्द ही सच होने वाला है। डेलबर आर्या के इस बयान ने उनके फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अगर यह प्रोजेक्ट सच होता है, तो यह उनके करियर का एक बड़ा मुकाम होगा। डेलबर अपने सपनों को पूरा करने और सीमाओं को पार करने में विश्वास रखती हैं, और उनके फैंस इस संभावित कोलैबोरेशन की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह सिर्फ एक ख्वाहिश है या फिर किसी बड़े प्रोजेक्ट की झलक, यह तो आने वाला वक्त बताएगा। लेकिन इतना तो तय है कि डेलबर की मेहनत और शाहरुख खान का जादू मिलकर एक यादगार सिनेमा अनुभव बना सकते हैं। जहाँ फैंस इस खबर की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं, वहीं डेलबर आर्या का भविष्य काफी रोमांचक नजर आ रहा है। काम की बात करें तो डेलबर जल्द ही पंजाबी फिल्म मधाणिया में नजर आएंगी। अपने हर किरदार को वास्तविकता और आकर्षण से भरने की कला के लिए पहचानी जाने वाली डेलबर इस फिल्म में अपनी एक्टिंग की एक नई झलक दिखाने वाली हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 317


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 316 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |



## बॉक्स ऑफिस: अक्षय कुमार की स्काई फोर्स की पकड़ बरकरार

अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और सारा अली खान स्टारर देशभक्ति फिल्म 'स्काई फोर्स' गणतंत्र दिवस से पहले 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और ये बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है और अब दूसरे वीकेंड़ पर भी 'स्काई फोर्स' ने अच्छी कमाई कर ली है. चलिए यहां जानते हैं अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी की 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है?'स्काई फोर्स' 1965 में सरगोधा में पाकिस्तानी एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले पर आधारित है.

# जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का शक्ति प्रदर्शन

## विशाल रैली निकालकर प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने विशाल रैली निकालकर शहरभर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ देखी गई। जिला पंचायत कोरिया के क्षेत्र क्रमांक 1 से 10 तक कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इन प्रत्याशियों में 1.श्रीमती अनु देवी,2. राजेश सिंह, 3.सुनीता देवी, 4.बिहारी लाल राजवाड़े, 5.श्रीमती आशा साहू, 6. वेदांती तिवारी, 7.सुरेश सिंह, 8.श्रीमती जयवती चेरवा, 9.श्रीमती रामबाई और 10.श्रीमती कलावती मरकाम शामिल हैं। नामांकन के दौरान प्रत्याशियों ने जनता के समर्थन का दावा किया और विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने भी इस मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। रैली में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ नारेबाजी की। पूरे जिले में इस रैली की चर्चा रही और कांग्रेस की रणनीति को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल,सत्य प्रकाश तिवारी, बृजवासी तिवारी,भूपेंद्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुख्तार अहमद,रामकृष्ण साहू,साहब अख्तर सिद्दीकी, हीरालाल साहू,संतोष गोयन, रवि शंकर राजवाड़े, आशीष डबरे,विक्रांत सिंह, दीपक गुप्ता, इंद्रपाल, श्यामलाल, सहित अनेक कांग्रेसी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## कांग्रेस में शामिल हुए आदिवासी नेता

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है। एक तरफ जहां आज बीजेपी नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज घोषणा पत्र जारी करने जा रही है तो वहीं दिग्गज आदिवासी नेता हरिकिशुन पैकरा ने अपने पूरे परिवार के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया है। बता दें कि, आदिवासी नेता हरिकिशुन पैकरा 15 सालों से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उन्हें और उनके परिवार को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई है। नगरीय निकाय चुनाव का मतदान 11 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 15 फरवरी को होगी। वहीं, पंचायत चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण का मतदान 17 फरवरी, दूसरे चरण का 20 फरवरी और तीसरे चरण का 23 फरवरी को होगा।

# गोल्ड कप प्रतियोगिता में झारखंड ने उत्तराखंड को 3-2 से हराया

## मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार झारखंड के गोलकीपर आयुष को



**चरचा कालरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित 49 वा अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन वॉरियर क्लब उत्तराखंड और सेल बोकारो झारखंड के बीच मुकाबला हुआ इस मैच के मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक चर्चा मांइन आर ओ रहे मैच प्रारंभ होने के पूर्व मुख्य अतिथि के द्वारा दोनों ही टीमों से परिचय प्राप्त किया गया और परंपरा अनुसार स्टेडियम में खिलाड़ियों व समस्त खेल प्रेमी दर्शकों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गया गया इस दौरान प्रमोद पांडे थाना प्रभारी चर्चा,श्रम संघ प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह अशोक निर्मलकर ,सुशील शर्मा, हेमसागर यादव, अशोक सिंह ,ज्ञानेंद्र पांडे ,एम खान, रियाज अहमद, अशोक सिंह सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी महिला ,पुरुष दर्शक उपस्थित थे खेल के दौरान दोनों ही टीमों के द्वारा गोल करने का प्रयास किया गया किंतु बराबरी के टीम होने की वजह से गोल नहीं हो सका हाफ टाइम के पश्चात भी कई मूवमेंट बने किंतु कोई भी खिलाड़ी इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके मैच के निर्धारित समय तक गोल न होने के कारण रेफरी ने पेनाल्टी शूटआउट का निर्णय लिया जिसमें झारखंड की टीम 3-2 से विजई हुई विदित हो कि इस गौरवशाली प्रतियोगिता का पहला मैच मे भी पेनल्टी से निर्णय हुआ वही इस दूसरे मैच में भी पेनल्टी का सहारा लेना पड़ा इससे स्पष्ट है कि प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक टीम प्रदर्शन कर रही हैं। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक चर्चा व सिमरजीत सिंह खान प्रबंधक चर्चा के द्वारा झारखंड के गोलकीपर आयुष को दिया गया।

आज के मैच के रेफरी पप्पू कुमार साइड रेफरी रूपेश सिंह ,आकाश मुख्य निर्णायक भगवान सिंह मैच कमिश्नर अनिल कचेर रहे ग्राउंड की सुचारु व्यवस्था हेतु मोहम्मद ताहिर, सुनील बरला ,अब्दुल्ला रोशन ,प्रदीप डे विशेष रूप से सक्रिय थे प्रतियोगिता में आने वाली सभी टीमों से बेहतर तालमेल समन्वय स्थापित करने हेतु प्रदीप डे की विशेष भूमिका है।

# नामांकन पत्रों की जांच पूरी, अब चुनावी मुकाबला होगा दिलचस्प

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया संपन्न हो गई है और सभी 63 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि किसी भी प्रत्याशी का नामांकन अमान्य नहीं पाया गया है। अब प्रत्याशी अपनी स्वेच्छा से 6 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं।

नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। यह प्रक्रिया अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार की जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

इस बार जिला पंचायत चुनाव में कई प्रमुख उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की है। अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्याशियों की सूची इस प्रकार है बैकुंठपुर (प्रथम) अनारक्षित महिला सीट से अफसाना बेगम, अन्नू देवी, फुलाशो, पुष्पलता राजवाड़े, संगीता राजवाड़े, वंदना राजवाड़े, बैकुंठपुर (द्वितीय) अ.ज.जा. मुक्त सीट से राजेश कुमार पैकरा, सरोजनी सिंह कमरो, सौभाग्यवती सिंह कुसरो, बैकुंठपुर (तृतीय) अ.जा. महिला सीट से आरती कुर्रे, प्रतिमा, राजकुमारी, संगीता सोनवानी, सविता देवी सोलंकी, सुनीता देवी, सुनीता देवी कुर्रे, उर्मिला कुमारी, बैकुंठपुर (चतुर्थ) अनारक्षित मुक्त सीट से अरविंद कुमार सिंह, अश्वनी कुमार कुशवाहा, भूपेंद्र दुबे, बिहारी लाल राजवाड़े, चिंतामणि सिंह सांडिल, लक्ष्मी बाई, माला सिंह, प्रवीण कुमार दुबे, राजेश कुमार, रामदास साहू, लल्लूराम रवि सतनामी, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, विमला राजवाड़े, विनोद कुमार साहू, बैकुण्ठपुर (पंचम) अनारक्षित महिला सीट से आशा साहू, दुर्गा कुमारी, गीता राजवाड़े, श्रीमती गीतिका, किरण सिंह, बैकुण्ठपुर (पष्ठम) अनारक्षित मुक्त सीट से अजित कुमार झा, जोखन सिंह, मोहित राम पैकरा, रामनारायण साहू, वेदांती प्रसाद तिवारी, विमलचन्द्र चेरवा, विश्वनाथ टोप्पो। सोनहत (प्रथम) अ.ज.जा. मुक्त सीट से कृष्ण कुमार सोनपाकर, रजवंती, राम प्रताप सिंह, सुरेश कुमार सिंह, तिलकधारी सिंह गोड़, सोनहत (द्वितीय) अ.ज.जा महिला सीट से जयवती चेरवा, शिव कुमारी सिंह, शिवकुमारी, खड़गवां (प्रथम) अ.ज.जा. महिला सीट से भगमनिया गोड़, कृष्णकला सिंह, फुलकुवंर गोंड़, राम बाई गोड़, सन्तोषी पैकरा, सुषमा कोराम, विमला सिंह, खड़गवां (द्वितीय) अ.ज.जा महिला सीट से चुन्नी बाई पैकरा, कलावती मरकाम, कमलावती बिंझिया, श्रीमती ममता सिंह, स्नेहलता उदय गोंड।

नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद, हर क्षेत्र में प्रत्याशियों की अंतिम सूची तय हो जाएगी। इसके बाद चुनाव प्रचार तेज होगा और उम्मीदवार पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरेंगे।

**क्या कहते हैं निर्वाचन अधिकारी?**

रिटर्निंग अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए पूरी तैयारी की गई है। प्रत्याशियों को चिन्ह आवंटन के बाद मतदान प्रक्रिया की तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी।

**आगे की प्रक्रिया**

6 फरवरी को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। अब सभी की नजरें इस पर टिकी हैं कि कौन-कौन से प्रत्याशी मुकाबले में बने रहते हैं और चुनावी समर में आगे क्या रणनीति अपनाई जाती है।

## आज से महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जाने की सोच रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ से प्रयागराज के बीच एक स्पेशल ट्रेन की शुरुआत की जा रही है। भारतीय रेलवे ने इस ट्रेन को चलाने की मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन 4 फरवरी से अपनी यात्रा शुरू करेगी।विशाखापत्तनम, बिलासपुर होते हुए गोरखपुर जाएगी और फिर प्रयागराज तक पहुंचेगी, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सहूलियत होगी। इस स्पेशल ट्रेन का नाम 'विशाखापत्तनम - गोरखपुर महाकुंभ' रखा गया है। यह ट्रेन खासतौर पर उन श्रद्धालुओं के लिए चलाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस विशेष ट्रेन के संचालन से महाकुंभ में शामिल होने के लिए यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने की संभावना है। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह स्पेशल ट्रेन एक बड़ी राहत लेकर आएगी।

## छत्तीसगढ़ में आईटी की रेडः 10 अरब की गड़बड़ियों के सबूत मिले, होगा बड़ा खुलासा

**रायपुर।** राइस मिलर्स, एक्सपोर्ट्स कमीशन एजेंट्स, राइस ब्रोकर्स के ठिकानों पर की गई आयकर छापे की कार्रवाई में करीब 10,00,00,00,000 रुपए की गड़बड़ियों के दस्तावेज मिले हैं. छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश के 25 कारोबारी-आवासीय परिसर में जांच कर आयकर अन्वेषण की सभी टीमें शनिवार देर रात लौट गई. आयकर अन्वेषण की टीमों ने कैश, ज्वेलरी के साथ-साथ गड़बड़ियों के ढेरों दस्तावेज भी सीज कर लिए है. आयकर अन्वेषण की टीम शनिवार देर रात छापे की कार्रवाई पूरी कर मुख्यालय लौट गई है.

शनिवार शाम को राजधानी के एक दफ्तर और एक आवासीय परिसर में टीम ने सत्यम बालाजी समूह के संचालकों का बयान दर्ज कर छापे की कारवाई पूरी कर ली है. सभी ठिकानों की जांच में कैश में कामकाज किए जाने के साथ-साथ बुक्स के रिकार्डस में भी अनियमितताएं मिली है. इसके साथ ही कच्चे में लेनदेन किए जाने के भी पेपर्स मिले हैं. आयकर अन्वेषण की छत्तीसगढ़ की सभी टीमों ने लौटकर जब्त दस्तावेज मुख्यालय में जमा कर दिया है. अब अगले चरण में राइस मिल संचालकों और कमीशन एजेंट्स व राइस ब्रोकर्स से मिले दस्तावेज की वाहन जांच कर अप्रेजल रिपोर्ट तैयार की जाएगी. ज्ञात रहे कि बीते सप्ताह बुधवार को राजधानी रायपुर के साथ ही राजिम, धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, तिल्दा के साथ ही गोंदिया (महाराष्ट्र) और काकीनाड़ा (आंध्रप्रदेश) मिलाकर 25 ठिकानों पर आयकर छापे की कार्रवाई की थी. इस अभियान में आयकर अन्वेषण छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के करीब सौ अफसर शामिल थे.

# कन्या स्कूल में सरस्वती पूजन का आयोजन



**कोरिया/बैकुंठपुर।** 3 फरवरी को प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में शा. आ. क. उ. मा. वि. बैकुंठपुर में वसंतपंचमी का पावन पर्व पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती जी का जनमोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। वरिष्ट व्याख्याता श्रीमती सी. सिंह व पी. सिंह के निर्देशन में माँ सरस्वती जी की आकर्षक झाँकी अध्ययनरत छात्राओं के माध्यम से तैयार कर वैदिक मंत्रों के साथ विधिवत पूजन किया गया।इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक अपने साथ में लाए हुए नारियल, भोग प्रसाद व धूप अगरबत्ती माँ को अर्पित कर बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा क्रमशः बैठकर माँ सरस्वती जी की पूजा आराधना के साथ विधिवत हवन किया गया।ततपश्चात सामूहिक रूप से आरती के साथ ही सरस्वती पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अपने उद्बोधन में प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने माँ सरस्वती जी के चरणों मे नमन करते हुए छात्राओं से कहा कि जिस तरह से पूर्ण आस्था ,लगन व तन्मयता के साथ पूजन किया गया उसी लगन के साथ वार्षिक बोर्ड परीक्षा की निकटता को ध्यान में रखकर विद्यालय में बिना अनुपस्थिति के कोर्स की तैयारी करें जिससे हमारा विद्यालय जिले व राज्य में गौरवान्वित हो। इसके लिए हमारा शिक्षकीय परिवार अतिरिक्त कालखंड के माध्यम से आपके सपनो को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पूजन पश्चात भोग प्रसाद के साथ साथ विद्यालयीन परिवार के लिए खिचड़ी भोज की व्यवस्था विद्यालय द्वारा करायी गई।इस अवसर पर शैक्षणिक व कार्यालयीन समस्त स्टाफ तथा साथ में समस्त अध्ययनरत छात्रायें उपस्थित रहीं। सभी का कार्य सराहनीय रहा।

## मरीजों के खून जांच के लिए अम्बेडकर अस्पताल में नई व्यवस्था शुरू

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीज के परिजनों को खून की जांच कराने के लिए सैंपल लेकर पैथोलॉजी लैब नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल में भर्ती अंतः रोगी मरीजों के लिए प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। अब वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पैथोलॉजिकल जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल वार्ड में एकत्रित कर वार्ड बॉय द्वारा पैथोलैब तक पहुंचाया जाएगा और जांच पश्चात् ब्लड रिपोर्ट एकत्रित करके उसे संबंधित वार्ड में ऑन ड्यूटी नर्स को दिया जाएगा। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि, प्रारंभिक तौर पर मेडिसिन मेल वार्ड क्र. 8 एवं 9 तथा मेडिसिन फीमेल वार्ड क्रं. 10 एवं 11 में भर्ती मरीजों के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है।

## छत्तीसगढ़ में तेजी से बदल रहा मौसम का मिजाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क बना हुआ है. पिछले कुछ दिनों में सूरज चढ़ने के बाद गर्मी तो दिन ढलने के बाद हल्की ठंड महसूस हो रही है. एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है. दो दिनों के बाद तापमान में गिरावट की संभावना है. सोमवार 3 फरवरी को प्रदेश में दंतेवाड़ा सबसे गर्म रहा. जहां 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी अफगानिस्तान और ईरान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.4 किलोमीटर ऊंचाई पर एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है।

# सूरजपुर जिले में निकाय और पंचायत चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पुलिस अधिकारियों की बैठक

## चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कर्मियों के अलावा पेट्रोलिंग पार्टी लगातार रहेगी भ्रमणशील

**सूरजपुर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को सुरक्षित एवं शांतीपूर्ण सम्पन्न कराने, चुनाव के पूर्व फोर्स के मूव्हमेंट, प्रभावी पेट्रोलिंग व मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त को लेकर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार, 04 फरवरी 2025 को सीएसपी, एसडीओपी व थाना प्रभारियों की बैठक ली।

इस बैठक में उन्होंने चुनाव को सुरक्षित एवं शांतीपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियों से अवगत कराया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को कहा कि चुनाव के दृष्टिगत चिन्हित किए गए संवेदनशील स्थानों की जानकारी लेते हुए चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित की जाए, क्षेत्र के ऐसे अराजक तत्वों जो चुनाव प्रक्रिया को बाधित कर सकते है उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही कर पाबंद करने, चुनाव शांतीपूर्ण एवं सुरक्षित सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण सजगता के साथ मुस्तैदी से सौंपें गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान प्रत्येक पोलिंग बूथ पर कुछ ही समय के अंतराल में लगातार पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी वहां गश्त के लिए पहुंचेगी और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करेगी। चुनाव सामग्री वितरण केन्द्रों एवं पोलिंग पार्टी के सुरक्षित मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने हेतु पूर्ण सजगता के साथ ड्यूटी करने, अधिनस्थ सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान केन्द्र पर तैनात रहने के दौरान क्या करें, क्या न करें, पेट्रोलिंग पार्टी के कार्यो, सावधानियों, मतदान समाप्ति के बाद मतदान दल को सुरक्षित स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रियता के साथ भ्रमण-पेट्रोलिंग करने, निगरानी बदमाश, माफी एवं गुण्डा बदमाशो, सजायाब, सस्पेक्ट की चेकिंग करने के निर्देश दिए ताकि चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। किसी भी स्थिति में अवैध सामग्री का परिवहन न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी रितेश चौधरी, अनूप एक्का, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, थाना चौकी प्रभारी व पुलिस अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशियों की रैली,कार्यकर्ताओं के जोश उमंग और उत्साह के साथ एकजुटता में दिखी जीत की झलकः तिवारी





**कोरिया बैकुंठपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नामांकन के अंतिम दिवस बैकुंठपुर कलेक्ट्रेट पहुंच भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र क्रमांक 10 के जिला पंचायत सदस्य हेतु चुन्नी पैकरा का नामांकन दाखिल कराया साथ ही भाजपा जिला कार्यालय से रैली निकालकर भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों के प्रत्याशियों का बैकुंठपुर जनपद पंचायत कार्यालय में नामांकन जमा कराया । बैकुंठपुर शहर के मध्यस्थली स्थित भाजपा कार्यालय से जनपद पंचायत कार्यालय के लिए निकली रैली में जिला पंचायत सदस्य व जनपद सदस्य के भाजपा प्रत्याशियों के साथ मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी मुकेश तिवारी,त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कोरिया जिला प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल, नगर पंचायत पटना के चुनाव प्रभारी व जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े,शैलेश शिवहरे सहित नपा अध्यक्ष श्री मति नविता शिवहरे सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे । ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में निकली नामांकन रैली में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह, ऊर्जा और एकजुटता के साथ भाजपा को सफलता के शिखर पर बनाए रखने का अटूट जज्बा देखने को मिला । दृण संकल्प और जूझने का प्रण एक एक कार्यकर्ताओं के जयकारों में सुना गया । भाजपा के नामांकन रैली की भव्यता और हजारों की संख्या शहर से लेकर गांव तक और जन जन के बीच भाजपा को मजबूत और सबसे आगे रखने के लिए प्रेरित करता दिखा। रैली में कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों के साथ शामिल कोरिया भाजपा के शीर्ष नेताओं की एकजुटता और उत्साह ने आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के जीत के रास्ते को भाजपा की तरफ निश्चित तौर पर मोड दिया है। जिले के युवा भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की ये महज रैली नहीं बल्कि आगामी जीत की झलक है । जिसे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव परिणाम दिवस भाजपा प्रत्याशियों की एकतरफा जीत के रूप में साबित करेंगे ।


**भाजपा के साथ जनाधार,गांव में बनेगी भाजपा की सरकार-जायसवाल**

रैली में शामिल त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कोरिया जिला प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल ने नामांकन के अंतिम दिवस आयोजित रैली की भव्यता को मोदी की साबित हुई गारंटी और विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन बताते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत के दावे को दोहराया और कहा की प्रदेश में दोनों सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक एक ग्रामीण और शहरी जन को मिल रहा है जिसकी वजह से भाजपा जन जन के बीच लोकप्रियता की मिशाल बन रही है । भाजपा की सरकार में देश प्रदेश शहर और गांव विकास की ओर तेजी से बढ़ा है।रोजगार के अवसर मिले हैं।वैश्विक मामलों में हर स्तर पर भाजपा ने राष्ट्र को ऊंचे स्थान पर पहुंचाया है। और जिन विशेषताओ की वजह से जन जन भाजपा को देश की उन्नति का माध्यम मानता है और समर्पित है उन्होंने कहा की शहर,नगर और गांव का जन जन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प अभियान का हिस्सा बन रहा है और भाजपा को घर घर स्थापित कर उनके साथ विकास पथ पर है । जिसके मद्देनजर निश्चित तौर पर निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 भाजपा पूरे बहुमत के साथ जीत रही है।

**भाजपा के कद्दावर प्रत्याशियों को देख सदमे में कांग्रेस ,मुकाबले से कोसों दूर-पंकज गुप्ता**

रैली में शामिल भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा की पटना नगर पंचायत चुनाव में भाजपा ने अध्यक्ष पद पर गायत्री सिंह जैसी कर्मठ ईमानदार और विकास के लिए समर्पित महिला को प्रत्याशी बनाकर अन्य दल सहित कांग्रेस के लिए मुश्किल का दौर ला दिया है। जहां एक तरफ गायत्री सिंह की दावेदारी के बाद अन्य दलों का सूपड़ा साफ होता दिख रहा है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भी भारी सदमे में है । जिसके परिणाम स्वरूप भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी और सभी वार्ड पार्षद प्रत्याशियों से मुकाबले पर कांग्रेस कोसों दूर खड़ी नजर आ रही है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में खाली गाड़ी और मुट्ठी भर भीड़ के वायरल दृश्य पर चुटकी लेते हुए कहा की आपसी खींचतान और गुटबाजी सहित जनता को बोर करने वाले चेहरों पर चुनाव में उतरी कांग्रेस को आगामी समस्त चुनाव में शर्मनाक हार मिलने वाली है। उन्होंने कहा की भाजपा प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों से खचाखच भरी भाजपा की नामांकन रैली केंद्र के मोदी सरकार की गारंटी और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन से सुशोभित और भव्य रही । जिसके परिणाम स्वरूप कोरिया जिले के आगामी सभी चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में आयेंगे और भाजपा के पाले में सभी नेतृत्व भी होंगे।

## भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव आज



**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर में त्रिपुर सुंदर राज राजेश्वरी मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा जारी है। कथा के पांचवें दिवस आज कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग होगा। इस अवसर पर भगवान कृष्ण के जन्म से संबंधित झांकी का प्रदर्शन होगा। इस हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए आयोजन स्थल में तैयारी की गई है। यहां पर आचार्य वेद्ज्ञ के द्वारा कथावाचन किया जा रहा है। 7 फरवरी को कथा की समाप्ति हवन पूजन और भंडारा के साथ होगी।

## प्रबंधन ने सुराकछार मार्ग के गड्ढों को भरा

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व स्थित सुराकछार में सड़क की दशा खराब हो गई थी। सड़क में गड्ढे होने के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही थी। इस मामले को एसकेएमएस ने जोर-शोर से उठाया और सुराकछार में रैली निकालते हुए ज्ञापन भी सौंपा। प्रबंधन ने एसकेएमएस को वार्ता के दौरान आश्वासन दिया कि सड़क में बने गड्ढों को ठीक कर दिया जाएगा। वार्ता में एरिया अध्यक्ष मनीष सिंह, रामरतन, लाखन साव, रामबाबू, एमपी सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस आश्वासन के बाद दूसरे दिन से ही सड़क में बने गड्ढों को पाटने का काम शुरू कर दिया गया। गड्ढों को पाटने के अलावा उपर में डामर भी लगा दिया गया है। इस संबंध में महामंत्री धर्मा राव ने बताया कि सड़क में बने गड्ढों से कोरबा आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही थी। कई बार प्रबंधन को कहा गया था। आईआर बैठक में भी मामले को उठाए जाने के बाद ध्यान नहीं दिया जा रहा था। अब जाकर सड़क में बने गड्ढों को भरा गया है।

## बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन का अधिवेशन आज

**कोरबा।** विद्युत मंडल में बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन का अधिवेशन इरेक्टर हॉस्टल एचटीपीपी में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, भामसं जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा शामिल होंगे। अधिवेशन में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। वर्तमान में सुरेश सााहू महामंत्री हैं। कहा जा रहा है कि इस बार नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हेतराम खूंटे, संदीप राठौर, केदार राठौर, श्यामसुंदर खूंटे, पूर्णिमा साहू, सुनीता जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## कांग्रेस ने जनघोषणा पत्र में किया यह वादा

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज जन घोषणा पत्र जारी कर दिया है, जिसमें वादा किया गया है कि शहर सरकार की सत्ता में बैठने पर तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण की विषेश पहल की जाएगी। घाटों एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था की जाएगी। महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धांजलि राशि योजना के तहत बीपीएल कार्डधारियों को 2000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए दिया जाएगा। निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। सम्पत्तिकर, समेकितकर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी। आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है वहां सुविधा दी जाएगी। मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान देने सहित अन्य वादे किए हैं।

# एसडीआरएफ के साथ मिलकर लोकल यूनिट तलाश रही नदी में लापता तीन युवकों को

### हसदेव में उतारी गई मोटर बोट

**कोरबा।** दर्री क्षेत्र मैं नहाने के दौरान नदी में लापता हुए तीन युवकों की तलाश के लिए आज दूसरे दिन अभियान जारी रखा गया। एसडीआरएफ के साथ लोकल टीम को इस काम में लगाया गया है जो विस्तृत क्षेत्र में रेस्क्यू कर रही है। इस काम के लिए मोटर बोट के साथ कुशल गोताखोर की टीम लगाई गई है। इन सब के बीच लापता युवकों के परिजन और उनके शुभचिंतक यह कामना कर रहे हैं कि नदी में डूबे युवक सही सलामत मिल जाए।

सागर चौधरी, आशुतोष और बजरंगदास नामक तीन युवक सीएसईबी कॉलोनी कोरबा वेस्ट और अयोध्यापुरी के निवासी हैं जो मंगलवार को डाँड़पारा क्षेत्र में गए हुए थे। हसदेव नदी में नहाने के दौरान वे काफी गहराई में चले गए और फिर किनारे आने में असमर्थ रहे। युवकों के लापता होने के बारे में आसपास के लोगों को जानकारी हुई और वे हरकत में आए। मामले की सूचना मिली तो युवकों के परिजन और उनके परिचित लोगों का इस इलाके में आना हुआ।। काफी जल्दबाजी




में गोताखोरों को संबंधित क्षेत्र में युवकों की खोज के लिए उतारा गया लेकिन शाम तक कोई नतीजे नहीं आ सके।

दर्री थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि घटना के दूसरे दिन आज हसदेव नदी के विस्तृत क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग को इस बारे में जानकारी दिए जाने पर स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्ड फोर्स के साथ नगर सेना की लोकल यूनिट रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल की गई है। इसमें सभी प्रशिक्षित गोताखोर मौजूद हैं । घटना स्थल से लेकर हसदेव बैराज तक आज लापता यूवको की खोज के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। हसदेव नदी में पानी की काफी मात्रा मौजूद है इसके बावजूद कई प्रकार की संभावना पर काम किया जा रहा है ।

0 लगातार हो रही है घटनाएं

हसदेव नदी में लोगों के डूबने की घटनाएं लगातार हो रही है, इसके बावजूद उनका सतर्कता बरतने पर ध्यान नहीं है। पिछले वर्ष कटघोरा निवासी एक परिवार के दो लोगों की झोराघाट में तब मौत हो गई थी जब वे काफी सुबह पिकनिक मनाने के लिए यहां पहुंचे हुए थे और एक नदी में पानी की अधिक मात्रा आने से फंस गए। वही कोरबा के पंप हाउस मैगजीन भाता क्षेत्र निवासी मानिकपुरी परिवार के दो बच्चे नहाने के दौरान हसदेव नहर में लापता हो गए, जिन्हें बाद में मृत स्थिति में प्राप्त किया गया। कोरबा जिले के ही चिचोली क्षेत्र में निजी टेलीकॉम कंपनी के इंजीनियर सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश निवासी की कुछ दिन पहले ही हसदेव नदी में डूबने से मौत हो गई थी। पूरे 9 दिन के बाद उसकी शव एक आयलैंड से बरामद किया गया।

### चेतावनी का असर नहीं

यद्यपि जल संसाधन विभाग और पुलिस के द्वारा इस प्रकार की घटनाओं से लोगों को बचाने के लिए अपनी ओर से कोशिश की गई है। नदी और नहर के उन क्षेत्रों में जहां पर गहराई ज्यादा है, चेतावनी देने वाले बोर्ड लगाए गए हैं और लोगों को यहां पर उतरने से रोकने को कहा गया है। इतना सब कुछ करने के बाद भी अति उत्साही लोग मौके पर पहुंचने से गुरेज नहीं करते। नदी की गहराई और तैराकी के मामले में अनजान लोग इस प्रकार की स्थिति में अनहोनी का शिकार हो जाते हैं।

# नियम विरुद्ध आरक्षण पर करेंगे चुनाव का बहिष्कार

### समय के बाद नामांकन लेने का आरोप

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है और अब अंतिम रूप से योग्य घोषित किए गए प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। इस बीच लोटलोता पंचायत के एक इलाके में ग्रामीणों ने गलत तरीके से आरक्षण की व्यवस्था का विरोध करते हुए चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। जबकि पंडरी पानी में नियत समय के बाद रुपया लेकर नामांकन जमा करने का आरोप लगाया है।

यह मामला कोरबा जिले के कटघोरा जनपद पंचायत क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। यहां की लोतालोता ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम चारपारा में वर्तमान 10 और 11 में अजीब स्थिति को लेकर लोगों ने विरोध दर्ज किया है। खबर के अनुसार इन दोनों क्षेत्र में 90त्न जनसंख्या पिछड़े वर्ग की है। इस तथ्य को नजरअंदाज करते हुए प्रशासन के द्वारा यहां के पंच पद को आदिवासी के लिए आरक्षित कर दिया गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस प्रकार की व्यवस्था पिछले 35 वर्ष से बनी हुई है और लोगों की ओर से की जा रही है आपत्ति को लगातार अनसुना किया जा रहा है। इसलिए इस बार इस क्षेत्र में लोगों ने चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जनसंख्या के आधार पर हर कहीं आरक्षण दिया जा रहा है तो फिर पिछड़ा वर्ग की आबादी ज्यादा होने पर भी उनके यहां दो वार्ड में अनुसूचित जनजाति का आरक्षण कैसे हो गया।जबकि कटघोरा विकासखंड में ही पंडरीपानी पंचायत में नियम विरुद्ध नामांकन लेने का आरोप लगाते हुए लोगों ने कार्रवाई करने की मांग की। लोगों का कहना है कि नामांकन के अंतिम दिवस 3 बजे तक नामांकन दिया जाना था लेकिन पंचायत के सचिव ने नियम के विरुद्ध जाते हुए 4ः00 बजे पंच पद के लिए एक प्रत्याशी का नामांकन लिया।। उनका आरोप है कि इस मामले में संबंधित व्यक्ति से रुपए लिए गए हैं और अवैध रूप से इस प्रक्रिया को अंजाम दिया गया है। लोगों की मांग है कि इस प्रकार की हरकत करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि एक अच्छा उदाहरण स्थापित हो।

# चुनावी रणभूमि : कोरबा में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर

### साकेत का सिंहासन मिलेगा सामान्य महिला को

**कोरबा।** नगर निगम के गठन के बाद यह तीसरा अवसर होगा जब एक बार फिर साकेत का सिंहासन किसी सामान्य महिला के हिस्से में आएगा। उसे 5 वर्ष तक शहरी क्षेत्र की सत्ता संभालने का मौका मिलेगा। नगर निगम कोरबा में कांग्रेस की उषा तिवारी और भाजपा की संजू देवी राजपूत के बीच कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। हालांकि इस पद के लिए चुनावी रणभूमि में 9 और प्रत्याशी हैं।





1999 में नगर निगम के गठन और अगले वर्ष हुए प्रथम चुनाव में मेयर का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया था और तब भाजपा की श्याम कंवर के निर्वाचन का रास्ता साफ हुआ। जबकि 10 वर्ष पहले हुए चुनाव में यह पद फिर से सामान्य महिला के खाते में गया और कांग्रेस की रन अग्रवाल को मेयर पद हासिल हुआ। एक बार फिर सामान्य महिला के लिए नगर निगम कोरबा का मेयर पद आरक्षित हुआ है। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेत्री उषा तिवारी और भाजपा ने पूर्व पार्षद संजू देवी राजपूत को अपना प्रत्याशी बनाया है। यह दोनों प्रत्याशी पहले भी चुनाव लड़ चुकी हैं लेकिन महापौर के चुनाव में इनके बीच अब टक्कर होती नजर आ रही है। क्षेत्र में दोनों की अपनी इमेज है, संसाधन है, पार्टी के नाते व्यापक जन आधार है और वर्तमान में सरकार की उपलब्धि और स्थानी मुद्दों के साथ लोगों से मेलजोल बढ़ाने एवं समर्थन मांगने के कारण भी है।

### इनके नाम भी ईवीएम में

महापौर चुनाव में 9 और उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। लखनी साहू, संजना पांडेय, प्रीति अग्रवाल, नंदिनी साहू और पांच अन्य ने निर्दलीय के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इनके नाम ईवीएम में दिखेंगे।

# तौलीपाली में हाथियों ने रौंदी फसल

**कोरबा।** जिले में हाथियों का उत्पात जारी है। यहां के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में शताधिक हाथी घूम रहे हैं और उत्पात भी मचा रहे हैं जिससे ग्रामीण बेहद हलाकान हैं। बीती रात कोरबा वनमंडल के कुदमुरा में मौजूद 33 हाथियों के दल ने उत्पात मचाते हुए तौलीपाली गांव में पांच किसानों के खेतों में लगे धान व गेहूं के फसल को रौंद दिया जिससे संबंधित किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों को फसल रौंदे जाने की जानकारी आज सुबह तब लगी जब वे अपनी फसल को देखने खेतों पर पहुंचे तो फसल को वहां रौंदा हुआ पाया। पास में हाथियों के पैरों के निशान थे। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। ग्रामीणों ने वन विभाग को दी जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। कुदमुरा वन परिक्षेत्र के चचिया में 6 तथा गुरमा-श्यांग जंगल में भी इतने ही हाथी घूम रहे हैं जो फिलहाल शांत हैं।



उधर कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां के एतमानगर में 18 तथा केंदई में 29 हाथी लालपुर व कापानवापारा में सक्रिय हैं जबकि एक लोनर पसान रेंज पहुंच गया है। इस लोनर ने यहां के बीजाडांड सर्किल के रानीअटारी गांव में मवेशियों पर हमला कर तीन को मार डाला था तथा दो अन्य को घायल कर दिया था जिसमें से एक मवेशी ने आज उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसकी सूचना मवेशी मालिक दशरथ द्वारा दिए जाने पर वन अमला आज सुबह गांव पहुंचा और मृत मवेशी का पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात् दस्तावेजी कार्यवाही की।

# अब पंचायत चुनाव पर ध्यान केंद्रित करेंगे भाजपाई

**कोरबा।** भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा सहित सभी पदाधिकारी नगरीय निकाय चुनाव में अपनी ताकत लगा रहे हैं। अब वे पंचायत चुनाव को लेकर गंभीर हो गए हैं। सभी क्षेत्रों में जिल पंचायत सदस्य चुनाव के लिए प्रभारी बना दिए हैं। पिछले दिनों नगरीय निकाय क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में कार्यकर्ता सम्मेलन भी हुआ था। कटघोरा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हर्षिता पांडेय शामिल हुईं थीं। यहां पर उनका स्वागत मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, डाकेश्वर शुक्ला, सुनील खाण्डे, समजीत सिंह, जय गर्ग, अनुराग दुहलानी, विवेक मारकण्डे, किशन केशरवानी सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। इसी तरह छुरी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा का स्वागत प्रीतम देवांगन, देवेंद्र देवांगन, रमेश श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने किया। दीपका में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रभारी दिनेश सिंह शामिल हुए। यहां पर उनका स्वागत उदय शर्मा, हनुमान पांडेय, मुकुल कर्ष, भागवत विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने किया। दीपका में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रभारी राजेश तिवारी शामिल हुए। उनके यहां पहुंचने पर सूर्यप्रकाश शर्मा, राजू प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कोरबा क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सांसद लखन साहू शामिल हुए। उनके यहां आने पर राजेश राठौर, डिलेन्द्र यादव, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा के द्वारा स्वागत किया गया। अब भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर सहित अन्य पदाधिकारी पंचायत चुनाव पर पूरा ध्यान केंद्रित करेंगे। उनके द्वारा मंडलों में बैठक ली जाएगी।

### मुख्यमंत्री की सभा आज

**कोरबा।** निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दोपहर ओपन थिएटर में सभा लेंगे। उनके द्वारा शहर में रोड-शो भी किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन व पुलिस ने तैयारी की है।

# काम के दबाव के आगे घंटे हुए कम, बढ़ रहा अवसाद

**कोरबा।** सरकारी नौकरी का आकर्षण आज के समय में युवा पीढ़ी में बना हुआ है। वहीं अलग-अलग कारण से एक वर्ग ऐसा है जो कार्पोरेट सेक्टर को लेकर रूचि ले रहा है वहीं विकल्प नहीं मिलने पर लोग सामान्य कामकाज से जुड़कर जीविका चला रहे हैं। वेतन और मानदेय के भारी अंतर के अलावा सेवा शर्तो में असमानता के चक्कर में काम का दबाव जमकर बढ़ गया है। खुद के और परिवार के लिए समय नहीं निकाल पाने से अवसाद की समस्या लगातार जन्म ले रही है।



बात ही कुछ ऐसी है कि अलग-अलग सर्विस सेक्टर में संलग्न को अपना परफार्मेंस दिखाने के लिए जमकर मेहनत करनी पड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि काम के बोझ में घंटे कम पड़ रहे हैं। वहीं अत्यधिक काम के दबाव और लंबे समय तक काम करने की आदत न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रही है। विशेष रूप से, अधिक काम करने की प्रवृत्ति अवसाद (डिप्रेशन) को बढ़ावा दे रही है। इसके फेर में लोगों का अपने स्वास्थ्य और निजी कार्यों के साथ-साथ सामाजिक व पारिवारिक सरोकारों के लिए निकाल पानी मुश्किल हो रहा है। इसके नतीजन न केवल संपर्क टूट रहे हैं बल्कि रिश्तों में दूरियां बढ़ रही है। वर्तमान दौर की यह तेजी से बढ़ती समस्या बनती जा रही है।

### मस्तिष्क को नहीं मिल रहा आराम

आजकल कॉर्पोरेट सेक्टर, स्टार्टअप और यहां तक कि पारंपरिक नौकरियों में भी काम के घंटे बढ़ते जा रहे हैं। ऑफिस में 10-12 घंटे काम करना आम हो गया है, और इसके बाद भी ईमेल और मीटिंग्स का सिलसिला जारी रहता है। इस कारण लोग तनावग्रस्त रहने लगे हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है। लगातार काम करने से दिमाग को आराम नहीं मिल पाता, जिससे चिंता, अवसाद और चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है।

### संतुलन रखना जरूरी



निःसंदेह वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी अपने आपमें एक समस्या है। काम और निजी जीवन के बीच संतुलन न होने से मानसिक तनाव बढ़ रहा है। जाहिर है इससे परेशानियां बढ़ेंगीं। जरूरत इस बात की है कि कामकाज और वैव्येक्ति व सामाजिक क्षेत्र के मामले में संतुलन बनाए रखा जाए।

**- रणधीर सिंह, प्राचार्य**

### घातक हो सकता है अकेलापन



जिंदगी को खुशनुमा बनाने के लिए मनुष्य का स्वस्थ होना पहली शर्त है। इस शर्त की पूर्ति के लिए कई जरूरी मापदंडों को फॉलो करना होगा। खुद और परिवार के लिए समय निकालने से अकेलापन दूर होगा। स्वास्थ्य की बेहतरी से आप कई प्रकार की चिंताओं से मुक्त रहेंगे।

**- डॉ. नागेंद्र सिंह, आयुष चिकित्सक**

### समय प्रबंधन को दें प्राथमिकता



कामकाज के मामले में स्मार्टनेस के साथ मानसिक सक्रियता का होना आवश्यक है। ऐसा होने पर आप बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद पर खरे उतर सकते हैं। लक्ष्य पूरे करने का दबाव भी आप पर हावी नहीं हो सकता। जरूरत यह है कि समग्र स्थिति में आप समय प्रबंधन को प्राथमिकता दें।

**-तारकेश मिश्रा, खिलाड़ी**

### शेड्यूल बनाने पर विचार



मौजूदा जमाने में जिस प्रकार की परिस्थितियां आसपास के वातावरण में नजर आ रही है उस पर चिंतन के साथ काम की जरूरत है। काम के दबाव के बीच अपने व अपनों के लिए समय निकालने हेतु प्रतिदिन शेड्यूल बनाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

**-राजू सोनी, व्यवसायी**












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com